रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 209] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 17, 2019/आषाढ़ 26, 1941
No. 209] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 17, 2019/ASHADHA 26, 1941

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2019

विषय : **चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये इलेक्ट्रिक इंसुलेटर के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा जांच में अंतिम जांच परिणाम**

फा. सं. 7/44/2018-डी जी टी आर.—सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया है (इसके पश्चात अधिनियम के रूप में भी सदर्भित) तथा उसके सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संकलन तथा क्षति के निर्धारण के लिए) निमयावली, 1995 जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया (इसके पश्चात ''नियमावली'' के रूप में भी संदर्भित) के संबंध;

क. इस मामले की पृष्ठभूमि

1. जबकि, चीन जन. गण. से संबध वस्तुओं के आयातों के संबंध में मूल जांच इस निर्दिष्ट प्राधिकारी की अधिसूचना संख्या 14/11/2013 दिनांक 5 सितंबर, 2013 के माध्यम से आरंभ की गई और उसके पश्चात दिनांक 01 जुलाई, 2014 की अधिसूचना संख्या 14/11/2013 – डी जी ए डी के माध्यम से प्राधिकारी द्वारा जारी की गई थी जिसमें आरंभिक शुल्क लगाये जाने की सिफारिश की गई थी। आरंभिक शुल्क दिनांक 16 सितंबर, 2014 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 40/2014 के माध्यम से लगाया गया था। इसके पश्चात, आरंभिक जांच परिणामों की पुष्टि की गई थी और अंतिम जांच परिणाम दिनांक 4 मार्च, 2015 की अधिसूचना संख्या 14/11/2013 – डी जी ए डी के द्वारा जारी किया गया था। अंतिम जांच परिणामों में इस प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर, सीमा

शुल्क अधिसूचना सं. 11/2015 के माध्यम से निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क (इसके पश्चात ''ए डी डी'' के रूप में भी संदर्भित) दिनांक 11 अप्रैल, 2015 से लगाया गया था।

2. मैसर्स आदित्य बिरला इंसुलेटर्स (ग्रासिम इंडस्ट्रीयल लिमि. की एक इकाई), मैसर्स इंसुलेटर्स एंड इलेक्ट्रिकल कंपनी और मैसर्स मॉडर्न इंसुलेटर्स लिमि. ने मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किये जाने की स्थिति में पाटन के जारी रहने अथवा उसके फिर से होने और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होने की संभावना का आरोप लगाते हुए इस अधिनियम और नियमावली के अनुसार चीन जन. गण. से इलेक्ट्रिक इंसुलेटर के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया।

3. इन आवेदकों द्वारा इस तथ्य की जांच करने के लिए कि क्या चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये (इसके पश्चात ''संबद्ध देश'' के रूप में संदर्भित) संबद्ध वस्तुओं के आयात पर उक्त शुल्कों के समाप्त होने से पाटन के जारी रहने अथवा उसके फिर से होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है, निर्णायक समीक्षा (इसके पश्चात ''एस एस आर'' के रूप में भी संदर्भित) जांच आरंभ करने का औचित्य बताने के लिए प्रस्तुत किये गये प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर प्राधिकारी ने फाईल संख्या 7/44/2018 – डी जी टी आर के माध्यम से दिनांक 10 जनवरी, 2019 को एक आम सूचना जारी की।

4. संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये उपर्युक्त वस्तुओं के आयातों के संबंध में मूल जांच के सभी पहलू इस वर्तमान समीक्षा के कार्यक्षेत्र में शामिल हैं।

ख. प्रक्रिया

5. प्राधिकारी द्वारा इस जांच के संबंध में यहां नीचे उल्लेख की गई प्रक्रिया का उपर्युक्त जांच को आरंभ करने की अधिसूचना जारी की जाने वाली आम सूचना को जारी किये जाने के बाद पालन किया गया है :

i. भारत में संबद्ध देश के दूतावास को प्राधिकारी ने नियम 5 के उपनियम (5) के अनुसार जांच आरंभ करने के लिए कार्यवाई शुरू करने के पूर्व पाटनरोधी आवेदन के प्राप्त होने के बारे में अधिसूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने संबद्ध पाटनरोधी जांच को आरंभ करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 10 जनवरी, 2019 को एक आम सूचना जारी की।

iii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों/ उपभोक्ताओं, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये पते के अनुसार अन्य भारतीय उत्पादकों और घरेलू उद्योग को जांच आरंभन संबंधी अधिसूचना की एक प्रति भेजी और उनसे यह अनुरोध किया गया वे जांच आरंभन संबंधी अधिसूचना के 40 दिनों के भीतर अपने दृष्टिकोण के बारे में लिखित रूप से अवगत करायें।

iv. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों और संबद्ध देश के दूतावास तथा भारत में ज्ञात आयातकों/ उपभोक्ताओं को इस आवेदन का अगोपनीय पाठ (इसके पश्चात ''एन सी वी'' के रूप में भी संदर्भित) की एक प्रति उपलब्ध कराई।

v. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए संबद्ध देश निर्यातकों/ उत्पादकों को सलाह दें। पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को भेजी गई थी तथा साथ ही संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों के नाम और पते के साथ साथ दूतावासों को भी भेजी गई थी।

vi. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली और बाजार अर्थव्यवस्था प्रशोधन प्रश्नावली (चीन जन. गण.) के लिए भेजी :

क. मैसर्स हुनन लिलिंग हॉक्सिन पोर्सिलेयन इंसुलेटर एंड इलेक्ट्रिक अर्पाटस कं. लिमि.

ख. मैसर्स डालियान इंसुलेटर कं. लिमि.

ग. मैसर्स एन जी के इंसुलेटर टंगशन कं. लिमि.

घ. मैसर्स जियान एक्सडी हाई वोल्टेज पोर्सिलेयन इंसुलेटर कं. लिमि.

ङ. मैसर्स एन जी के सेरामिक्स सुझोऊ कं. लिमि.

च. मैसर्स एन जी के इंसुलेटरर्स सुझोऊ कं. लिमि.

छ. मैसर्स एन डब्ल्यू बी (शंघाई) कं. लिमि. (ट्रेंच चाईना)

ज. मैसर्स चाइना इलेक्ट्रो ‘ सेरामिक्स इम्पो. एंड एक्स. कं. लिमि.

झ. मैसर्स ट्रेंच हाई वोल्टेज प्रोडक्स लिमि., शेनयांग (टी एच वी एस)

ञ. मैसर्स हुनन लिलिंग गुओलियन पोर्सिलेयन इंसुलेटर एंड इलेक्ट्रिकल अर्पाटस कं. लिमि.

ट. मैसर्स सेव्स सेडीवर इंसुलेटर (बीजिंग) कं. लिमि.

ठ. मैसर्स ननजिंग इलेक्ट्रिक ग्रुप कं. लिमि.

ड. मैसर्स झिगोंग सेडीवर टोडहेनेड ग्लास इंसुलेटर कं. लिमि.

ढ. मैसर्स सिचुआन यिबिंग ग्लोबल ग्रुप कं. लिमि.

ण. मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं. लिमि.

त. मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि.

थ. मैसर्स चेंग्डू ग्लोबल स्पेशल ग्लास मेनिफेक्चरिंग कं. लिमि.

द. मैसर्स शेनयांग झिंझिंग एलाइंस इलेक्ट्रिक कं. लिमि.

ध. मैसर्स टंगशन हाई वोल्टेज पोर्सिलेयन इंसुलेटर्स कं. लिमि.

न. मैसर्स लिआनइंग शुआंगलिंग इलेक्ट्रिक पोर्सिलेयन मेनिफेक्चरिंग कं. लिमि.

vii. संबद्ध जांच आरंभ करने की प्रतिक्रिया स्वरूप, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/ निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत कर इसका जवाब दिया है :

क. मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी क. लिमि.

viii. इसके अलावा, सुनवाई के पश्चात निम्नलिखित पक्षकार द्वारा भी अनुरोध किये गये थे -

क. मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं. लिमि.

ix. प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग करते हुए भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातको/ उपभोक्ताओं को आयातक की प्रश्नावली भेजी:

क. मैसर्स क्रोमप्टन ग्रेवेस लिमि.

ख. एरेवा टी एंड डी इंडिया लिमि.

ग. मैसर्स ए बी बी लिमि.

घ. मैसर्स साइमेन्स लिमि.

ङ. मैसर्स पावर ग्रिड कोरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड

च. मैसर्स अडानी पावर लिमि.

छ. मैसर्स टाटा प्रोजेक्ट लिमि.

ज. मैसर्स कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमि.

झ. मैसर्स के ई सी इंटरनेशनल लिमि.

ञ. मैसर्स रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमि.

x. संबद्ध वस्तुओं के किसी भी आयातक ने आयातक की प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत कर इसका जवाब नहीं दिया है।

xi. एक अन्य निर्यातक नामत: मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर (शंघाई) कं. लिमि. ने विलंबित चरण में प्राधिकारी के समक्ष उत्तर प्रस्तुत किया गया था और उस पर हितबद्ध पक्षकारों के रूप में विचार किया गया था तथा मौखिक कार्यवाही के दौरान ही उसके बारे में सूचना दी गई थी। हालांकि, मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर (शंघाई) कं. लिमि. द्वारा किये गये अनुरोधों पर विचार किया गया था और जहां भी उसे संगत पाया गया उसका समाधान किया गया है। यद्यपि, कंपनी ने निर्धारित समय सीमाओं के भीतर निर्दिष्ट प्राधिकारी को कोई उत्तर नहीं दिया है जबकि कंपनी ने यह दावा किया है कि उसने निर्दिष्ट प्राधिकारी को एक पत्र भेजा है परंतु कंपनी द्वारा अधिकृत कानूनी प्रतिनिधि उन अनुरोधों को प्रस्तुत करने के बारे में दर्शाते हुए कोई भी दस्तावेज दिखाने में सक्षम नहीं हुए जिसे उन्हें विशेष रूप से ऐसा करने का निर्देश दिया गया था। किसी भी स्थिति में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कंपनी द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं (विलंब से) की जांच करने के लिए इसे और अधिक उपयुक्त माना। यह भी नोट किया जाता है कि कंपनी ने निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निर्धारित रूप में और तरीके से कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है और इस प्रकार से उस सीमा तक यह असहयोगी है।

xii. प्राधिकारी द्वारा वर्तमान जांच के लिए हितबद्ध पक्षकारों की सूची दिनांक 29 अप्रैल, 2019 के नोटिस के माध्यम से अधिसूचित की गई थी जिसमें केवल निम्नलिखित पक्षकारों को हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माना गया था।

क. मैसर्स अदित्य बिरला इंसुलेटर्स (ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई)

ख. मैसर्स इंसुलेटर्स एंड इलेक्ट्रिकल्स कंपनी

ग. मैसर्स मॉडर्न इंसुलेटर्स लिमि.

घ. मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी क. लिमि.

xiii. प्राधिकारी ने इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रखी गई आम फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्य का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

xiv. वाणिज्यिक सूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एंड एस) को पिछले तीन वर्षों तथा जांच की अवधि (इसके पश्चात ''जांच की अवधि'' के रूप में भी संदर्भित) के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयातों का लेन देन वार ब्यौरा उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया था, जो इस प्राधिकारी को प्राप्त हो गया था। प्राधिकारी ने इन लेन देन की उचित जांच करने के बाद आयातों की मात्रा की गणना और अपेक्षित विश्लेषण के लिए डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों पर विश्वास किया है।

xv. आमतौर पर स्वीकार किये गये लेखांकन सिद्धांतों (जी ए ए पी) और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध ।।। के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की आदर्शतम लागत और इसे बनाने एवं बिक्री करने की लागत के आधार पर क्षति रहित

कीमत (एन आई पी) तय की गई है जिससे कि इस तथ्य का पता लगाया जा सके कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पाटन मार्जिन की तुलना में कमतर पाटनरोधी शुल्क पर्याप्त होगा।

xvi. प्राधिकारी ने नियम 6 (6) के अनुसार मौखिक रूप से संगत सूचना प्रस्तुत करने के लिए इन हितबद्ध पक्षकारों को अवसर प्रदान करने हेतु दिनांक 24 अप्रैल, 2019 को मौखिक सुनवाई की जिसमें घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। सभी पक्षकार जिन्होंने मौखिक सुनवाई के समय अपने विचार प्रस्तुत किये, से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किये गये विचारों को लिखित अनुरोध के रूप में प्रस्तुत करें। इन पक्षकारों को यह भी सलाह दी गई थी कि वे विरोधी पक्षकारों द्वारा किये गये लिखित अनुरोधों को प्राप्त करें और उन्हें उसके पश्चात अपने प्रत्युत्तर को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी।

xvii. घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्ष द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का सत्यापन उस सीमा तक किया गया था जिस सीमा तक इसे आवश्यक माना गया। जहां भी लागू हुआ आवश्यक संशोधन के साथ केवल ऐसी सत्यापित सूचना पर विश्वास किया गया है।

xviii. वर्तमान समीक्षा जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि (पी ओ आई) 1 अप्रैल, 2017 से 30 सितंबर, 2018 (18 महीने) है। क्षति के विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 और जांच की अवधि शामिल थी।

xix. एक प्रकटन विवरण हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 27.06.2019 को जारी किया गया था जिसमें निर्दिष्ट प्राधिकारी के विचाराधीन आवश्यक तथ्य शामिल किये गये थे और प्रकटन विवरण के संबंध में टिप्पणियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 08.07.2019 तक का समय दिया गया था। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन पश्चात टिप्पणियों पर उपयुक्त रूप से विचार किया है।

xx. इस जांच की अवधि के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों को जहां भी संगत पाया गया इस जांच परिणाम संबंधी अधिसूचना में प्राधिकारी द्वारा उसका समाधान किया गया है।

xxi. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां कहीं भी आवश्यक हुआ गोपनीयता संबंधी दावे को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न किये गये के रूप में माना गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ उपलब्ध करायें।

xxii. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की अवधि के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच दिये जाने से इनकार किया है अथवा अन्य प्रकार से उपलब्ध नहीं कराया है अथवा इस जांच में पर्याप्त रूप से बाधा पहुंचाई है, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर इस प्रकार के पक्षकारों को असहयोगी माना है और विचार/ टिप्पणियों को रिकार्ड किया है।

xxiii. इस दस्तावेज में '***' गोपनीय आधार पर किसी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना और इस नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से मानी गई सूचना का द्योतक है।

xxiv. जांच की अवधि के लिये विनिमय दर को प्राधिकारी द्वारा 1 अमरीकी डॉलर = 66.61 रुपए के रूप में लिया गया है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

6. (विचाराधीन उत्पाद "पी यू सी" के रूप में भी संदर्भित) ग्लास अथवा पोर्सिलेयन / सेरेमिक का इलेक्ट्रिक इंसुलेटर है चाहे उसे असेम्बल किया गया हो अथवा न किया गया हो। हालांकि, (क) 1 के वी की रेटिंग वाले वोल्टेज का

टेलीफोन अथवा टेलिग्राफ इंसुलेटर, (ख) 1 के वी तक की रेटिंग वाले वोल्टेज का इलेक्ट्रिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/ यंत्रों अथवा यंत्र इंसुलेटर और (ग) कम्पोजिट इंसुलेटर को वर्तमान जांच के कार्यक्षेत्र से बाहर रखा गया है। इसके अलावा, यह स्पष्ट किया जाता है कि बसिंग और वोल्टेज ट्रांसफार्मर विचाराधीन उत्पाद और प्रस्तावित कार्यवाहियों के कार्यक्षेत्र से परे हैं।

घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण

7. घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद के संबद्ध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये थे :

i. चूंकि वर्तमान जांच एक समीक्षा जांच है अत: विचाराधीन उत्पाद का कार्यक्षेत्र वही रहता है जिस पर मूल जांच में विचार किया गया है।

ii. एक इलेक्ट्रिक इंसुलेटर का मुख्य कार्य उच्च वोल्टेज वाले क्षेत्रों में एक कंडक्टिंग बाडी के अन्य कंडक्टिंग बाडी का संवाह रोकना है अथवा एक बाडी का संवाह रोकना है जो आस पास के क्षेत्रों जहां विद्युतीय उर्जा के प्रकार के पारेषण से बचा जाना है, विद्युतीय एनर्जी का पारेषण करना है।

iii. विचाराधीन उत्पाद में काफी संख्या में अनेक प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। विचाराधीन उत्पाद के उपयोग के आधार पर, इसका वर्गीकरण पारेषण लाइन इंसुलेटर और सब स्टेशन इंसुलेटर में किया जा सकता है।

iv. पोर्सिलेयन इंसुलेटर के लिए, संबद्ध देशों में उत्पादकों द्वारा और याचिकाकर्त्ता कंपनियों द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। उत्पादन प्रौद्योगिकी तथा साथ ही घरेलू उद्योग और संबद्ध देश के निर्यातकों द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली उत्पादन प्रक्रिया तुलनीय नहीं है। हरेक निर्माता उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यकताओं के अनुसार अपने उत्पादन की प्रक्रिया को परिष्कृत करता है।

v. ग्लास इंसुलेटरों के लिए, उत्पादन प्रौद्योगिकी, संयंत्र एवं उपक्रम, उत्पादन की प्रक्रिया उससे अलग है जो पोर्सिलेयन इंसुलेटरों में शामिल है। ग्लास और पोर्सिलेयन इंसुलेटरों में शामिल निर्माण प्रक्रिया अलग अलग हैं क्योंकि ग्लास इंसुलेटरों को कच्चे माल को गलाकर और उसके बाद उसे घनीभूत कर बनाया जाता है जबकि पोर्सिलेयन इंसुलेटरों का निर्माण कच्चे माल को अपेक्षित आकार में बनाकर किया जाता है। क्ले को या तो प्रक्रिया बनाकर अथवा गलाने की प्रक्रिया के द्वारा अपेक्षित रूप में ढाला जाता है। बनाने की प्रक्रिया में, क्ले को एक अपेक्षित मिश्रण में डाला जाता है और एक टींड तैयार किया जाता है। यह टींड वांछित आकारों में बनाया जाता है जबकि निर्माण की प्रक्रिया बिल्कुल अलग अलग होती है अत: जिस प्रकार से कच्चे मालों का आशोधन किया जाता है उस पर विचार करते हुए, इस उत्पाद को बनाने के लिए बहुत ही कार्य पद्धति प्राय: एक जैसी है।

vi. समान वस्तु के मुद्दे की जांच प्राधिकारी द्वारा पहले ही मूल जांच में विस्तार से की गई है। प्राधिकारी ने मूल जांच में यह निर्धारित किया था कि संबद्ध देश से आयात किये गये संबद्ध वस्तु और वह वस्तु जिसका उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा किया जाता है, समान वस्तु हैं। चूंकि यह समीक्षा जांच है अत: विचाराधीन उत्पाद वही है जो मूल जांच में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया उत्पाद है। याचिकाकर्ताओं द्वारा उत्पादन की गई संबद्ध वस्तुओं को इस जांच के लिए भी पाटनरोधी नियमावली के तात्पर्य से संबद्ध देश से आयात की गई वस्तुओं को समान वस्तु के रूप में माना जाना चाहिए।

vii. यह विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र को बढ़ाये जाने का प्रयास नहीं है। यह कहना गलत है कि पोलिमर इंसुलेटर ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों की तुलना में अलग अलग उत्पाद हैं। पोलिमर इंसुलेटरों को ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों के समान उत्पाद के रूप में माना जा रहा है। याचिकाकर्ताओं ने पूर्व में इस संबंध में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध कराये हैं और वे यदि प्राधिकारी द्वारा आवश्यक हुआ तो और अधिक साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं।

viii. संबद्ध वस्तुओं के कार्यक्षेत्र में पोलिमर इंसुलेटरों को शामिल करने के लिए कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

ix. याचिकाकर्ताओं ने पोलिमर इंसुलेटरों के लिए एक अलग आवेदन भरा था। साथ ही, घरेलू उद्योग बाजार को वापस पोर्सिलेयन इंसुलेटर तक लाने के लिए विभिन्न उपाय करती रही है। इन प्रयासों ने सकारात्मक परिणाम दर्शाना शुरू कर दिया है। यह दोहराया जाता है कि घरेलू उद्योग पोलिमर इंसुलेटरों को संबद्ध वस्तु के रूप में नहीं मान रहा है और उन पर शुल्क लगाये जाने की कोशिश कर रहा है।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों का दृष्टिकोण

8. विचाराधीन उत्पाद के संबद्ध में विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों का सारांश नीचे दिया गया है :

i. याचिकाकर्ताओं ने पोलिमर/ ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों को समान उत्पाद के रूप में माना है और समान वस्तु के रूप में पोलिमर/ ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों पर विचार करते हुए क्षति संबंधी सूचना उपलब्ध कराई है। याचिकाकर्ता विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र को संशोधित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी अनुमति निर्णायक समीक्षा समीक्षा जांच में नहीं दी जा सकती है।

ii. चूंकि क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं के आयातों में गिरावट आई है और पोलिमर इंसुलेटरों के आयातों में वृद्धि हुई है अत: याचिकाकर्ता वर्तमान जांच में दोनों उत्पादों को समान वस्तु के रूप में मान रहे हैं और उस पर पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की मांग कर रहे हैं। पोलिमर इंसुलेटर ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटर की तुलना में अलग अलग उत्पाद हैं।

iii. घरेलू उद्योग पोलिमर इंसुलेटर का उत्पादन नहीं करता है। केवल मैसर्स आदित्य बिरला इंसुलेटर मामूली मात्रा में पोलिमर इंसुलेटर का उत्पादन करता है। यह अनुरोध किया जाता है कि जब याचिकाकर्ता स्वयं पोलिमर इंसुलेटर का उत्पादन नहीं करते हैं तब संबद्ध वस्तुओं के कार्यक्षेत्र में इसको शामिल किये जाने के लिए अनुरोध को नहीं माना जा सकता है।

iv. विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र में पोलिमर इंसुलेटर पर विचार किया जाना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध होगा क्योंकि इस प्रकार की वस्तुओं के उत्पादकों/ निर्यातकों को अपने आंकड़े और सूचना प्रस्तुत करने के लिए अवसर उपलब्ध नहीं कराया गया है क्योंकि पोलिमर इंसुलेटर को विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र से बाहर किया गया था।

v. याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि वे एक अलग आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं और यह भी दावा कर रहे हैं कि समान वस्तु के रूप में इसे मानते हुए वर्तमान जांच में पोलिमर इंसुलेटर को शामिल किया जाये। यदि ये इन दोनों को समान वस्तु के रूप में मान रहे हैं तब उसी देश के विरुद्ध समान उत्पादों के विरुद्ध किसी प्राधिकारी के समक्ष दो अलग अलग/ पृथक आवेदन प्रस्तुत करना मान्य नहीं है और वह आवेदकों की ओर से विरोधाभासी सोच को दर्शाता है। याचिकाकर्ताओं को सभी रूपों पर विचार करते हुए इलेक्ट्रिकल इंसुलेटरों के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के लिए एक ताजा कम्पोजिट आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए था।

प्राधिकारी द्वारा जांच

9. वर्तमान समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्लास अथवा पोर्सिलेयन/ सिलेमिक का इलेक्ट्रिक इंसुलेटर है चाहे उसे असेम्बल किया गया हो, अथवा न किया गया हो और उसमें (क) 1 के वी तक की रेटिंग वाला वोल्टेज का टेलिफोन अथवा टेलिग्राफ इंसुलेटर, (ख) 1 के वी तक की रेटिंग वाला वोल्टेज का इलेक्ट्रिकल अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/ यंत्र इंसुलेटर और (ग) कम्पोजिट इंसुलेटर शामिल नहीं है। विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र से बशिंग और वोल्टेज ट्रांसफार्मर भी बाहर है। विचाराधीन उत्पाद में मूल जांच में किये गये निर्धारण के अनुसार विभिन्न पी सी एन ने पहचान किये गये उत्पाद में काफी संख्या में अलग अलग प्रकार शामिल हैं।

10. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू है अत: प्राधिकारी यह मानते हैं कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का कार्यक्षेत्र वही रहता है जो मूल और बाद की समीक्षा जांच में है।

11. जहां तक, विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र में पोलिमर इंसुलेटर को शामिल किये जाने के बारे में तर्क का प्रश्न है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया है कि पोलिमर इंसुलेटर संबद्ध वस्तुओं की ''समान वस्तु'' है जिसे ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों पर शुल्कों को लगाये जाने के बाद पोलिमर इंसुलेटर के बढ़े हुए आयातों के तथ्य के द्वारा उजागर किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने यह उल्लेख किया है कि पोलिमर इंसुलेटरों का उपयोग कुछ प्रयोगों में ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों के स्थान पर किया जा रहा है और इस प्रकार से उन्हें संबद्ध वस्तुओं का ''समान वस्तु'' बनाया जा रहा है। हालांकि, वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और प्राधिकारी वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र को बदलने के लिए इच्छुक नहीं है और इन्होंने विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र में पोलिमर इंसुलेटर को शामिल नहीं करने का निर्णय लिया था जो जांच आरंभन संबंधी अधिसूचना से स्पष्ट है। इसके अलावा, पोलिमर इंसुलेटर के आयातों के कारण घरेलू उद्योग को कथित क्षति का मुद्दा कारणात्मक संबंध का एक मुद्दा है और इसकी उपयुक्त रूप से जांच वर्तमान अधिसूचना में संबंधित स्थान पर कर ली गई है।

12. रिकार्ड पर उपलब्ध सूचना पर विचार करने के बाद प्राधिकारी यह मानते हैं कि संबद्ध देश से निर्यात किये गये विचाराधीन उत्पाद और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादन किये गये संबद्ध उत्पाद में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन की गई संबद्ध वस्तु भौतिक एवं रासायनिक गुणों, कार्य एवं उपयोग, उत्पादन विनिर्देशन, वस्तुओं का वितरण एवं विपणन तथा प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के मामले में संबद्ध देश से निर्यात की गई संबद्ध वस्तुओं के तुलनीय हैं। इन दोनों का तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किया जा सकता है। उपभोक्ता इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग कर रहे हैं। उत्पादन की प्रक्रिया में अंतर मात्र के इन उत्पादन प्रकारों को अलग अलग नहीं माना जाता है। उपभोक्ता/ प्रयोक्ता उद्योग अंतिम रूप से अलग अलग उत्पाद प्रकारों का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर कर रहे हैं और ये उत्पाद प्रकार इन संबद्ध वस्तुओं की समान वस्तु हैं जिनका आयात संबद्ध देश से किया जा रहा है। किसी भी मामले में उत्पाद के कार्यक्षेत्र और समान वस्तु के मुद्दे की जांच प्राधिकारी द्वारा विगत में समाप्त जांच में की गई थी और आगे इसके संबंध में किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

13. संबद्ध वस्तुओं का वर्गीकरण प्रशुल्क वर्गीकरण के उपशीर्ष 854610 और 854620 के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 के अध्याय 85 के अंतर्गत किया गया है। हालांकि, विचाराधीन उत्पाद का भी आयात परियोजना श्रेणी के आयातों के रूप में अध्याय 98 के अंतर्गत किया गया है। सीमा प्रशुल्क वर्गीकरण सांकेतिक मात्र हैं और यह किसी भी प्रकार से जांच के कार्यक्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

14. प्राधिकारी यह मानते हैं कि याचिकाकर्ताओं द्वारा उत्पादन की गई संबद्ध वस्तु पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देशों से निर्यात किये गये विचाराधीन उत्पाद का समान वस्तु है।

घ. घरेलू उद्योग का कार्यक्षेत्र एवं उसका स्थान

15. यह याचिका मैसर्स आदित्य बिरला इंसुलेटर (ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमि. की एक इकाई), मैसर्स इंसुलेटर एंड इलेक्ट्रिक कंपनी और मैसर्स मॉर्डन इंसुलेटर लिमि., (इसके पश्चात ''याचिकाकर्ता'' के रूप में संदर्भित) द्वारा दायर की गई थी जिसमें चीन जन. गण. से इलेक्ट्रिक इंसुलेटरों के आयातों पर वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने/ उसको बढ़ाये जाने के लिए निर्णायक समीक्षा का आरंभ करने की मांग की गई।

16. यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ताओं के अलावा, कुछ अन्य उत्पादक है जो संरक्षित और असंरक्षित दोनों क्षेत्रों में कार्य करते हैं। भारतीय उत्पादन के ब्यौरे इण्डियन इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफेक्चर्स एसो. (आई ई ई एम ए) के अनुसार उपलब्ध कराये गये हैं। चूंकि आई ई ई एम ए द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना संख्या के बारे में है अत: घरेलू उद्योग में विभिन्न प्रकार के इंसुलेटरों जिन्हें उपयुक्त पाया गया है, के लिए उपयुक्त वजन अपनाकर उसे वजन में परिवर्तित किया है। इसके अलावा, आई ई ई एम ए द्वारा उपलब्ध कराये गये उत्पादन से संबंधित ब्यौरे में आई ई सी द्वारा उत्पादन शामिल नहीं है। इस कारण से, आई ई सी उत्पादन को वास्तविक आधार पर जोड़ा गया है। चूंकि ए बी आई और मॉर्डन वास्तविक आंकड़े उपलब्ध हैं अत: आई ई ई एम ए के आंकड़ों के स्थान पर ए बी आई और मॉर्डन के वास्तविक आंकड़ों को रखा गया है।

17. यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता का उत्पादन भारतीय उत्पादन का ''एक बड़ा हिस्सा'' है। इस संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकारों से कोई प्रतिकूल अनुरोध प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके अलावा, याचिकाकर्ता कंपनियां संबद्ध देश में संबद्ध वस्तुओं के किसी आयातक अथवा निर्यातक से संबंधित नहीं हैं और न ही उन्होंने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का आयात किया है। अत: याचिकाकर्ता वर्तमान याचिका दायर करने के लिए स्थान की आवश्यकता को पूरा करता है और इस नियमावली के आशय से ''घरेलू उद्योग'' होते हैं।

ङ. विविध अनुरोध

घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण

18. निम्नलिखित विविध अनुरोध घरेलू उद्योग द्वारा किये गये हैं :

i. घरेलू उद्योग द्वारा अत्यधिक गोपनीयता के दावों के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के दावे का कोई आधार नहीं है। घरेलू उद्योग ने व्यापार नोटिस सं. 1/2013 के अनुरूप सभी संगत आंकड़ों की आपूर्ति की है और अत्यधिक गोपनीयता का दावा नहीं किया है। इसके अलावा, किसी ऐसे आंकड़ों/ सूचना/ दस्तावेज जिसे घरेलू उद्योग को उपलब्ध कराना आवश्यक था और जिसे गोपनीय के रूप में दावा किया गया है, के संबंध में कोई विशिष्ट कथन नहीं है।

ii. जांच आरंभन के लिए नियम 5 का संदर्भ लेना बहुत अधिक भ्रामक है क्योंकि वर्तमान आवेदन नियम 23 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। नियम 5 और नियम 23 के अंतर्गत दायित्व बहुत अलग अलग हैं। याचिकाकर्ता ऐसी कोई सूचना उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक है जिसे प्राधिकारी चाहता हो। वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और जांच आरंभन के चरण में जिसे देखे जाने की अपेक्षा है वह यह है कि क्या शुल्क को समाप्त किये जाने की स्थिति में पाटन और क्षति की संभावना का औचित्य दर्शाते हुए पर्याप्त साक्ष्य है अथवा नहीं।

iii. पोलिमर इंसुलेटर के आयातों में वृद्धि का तथ्य वास्तव में उन मानदंडों में से एक है जो पाटन और क्षति की संभावना को दर्शाता हो। पाटनरोधी शुल्क का लागू रहना पोलिमर इंसुलेटरों में इस प्रकार से बहुत अधिक वृद्धि का एक मात्र कारण है और इस प्रकार से इस बात की पूरी संभावना है कि पाटनरोधी शुल्कों को समाप्त किये जाने से पाटित आयातों में वृद्धि होगी जिसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होगी।

iv. मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर (शंघाई) कं. लिमि. ने एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में अपने आप को दर्ज कराने के बिना भी सुनवाई में भाग लिया। जबकि सुनवाई के समय प्राधिकारी ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया था कि एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकरण के लिए समय सीमाओं का पालन किया जाना है। लिखित अनुरोध भी इस मुद्दे पर मौन है। निर्यातक द्वारा इस तथ्य को सिद्ध किये बिना अनुरोध किया गया है कि इसमें प्राधिकारी के पास एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में अपने आप को पंजीकृत किया है। इसने इस नियमावली के अंतर्गत समय पर अवसर का लाभ नहीं उठाया है और आज की तारीख तक इसमें प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। *मेरिनो पैनल बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी* के मामले में माननीय न्यायाधिकरण ने यह माना कि जब तक कोई पक्षकार प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं करता है, तब तक उस पक्षकार को एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जा सकता। इस कारण से, उनके अनुरोधों को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों का दृष्टिकोण

19. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किये गये हैं :

i. इस याचिका का एन सी वी इस नियमावली के नियम 7 और प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये दिनांक 09 दिसंबर, 2013 के व्यापार नोटिस संख्या 1/2013 में उल्लेख किये गये मानदंडों को पूरा नहीं करता है। याचिकाकर्ताओं ने क्षति के आरोपों के संबंध में सूचना को अनुचित रूप से रोका और उसे तोड़ा मरोड़ा। याचिकाकर्ताओं ने इसके संबंध में पर्याप्त कारण उपलब्ध नहीं कराये हैं कि क्यों

गोपनीयता का दावा किया गया था और क्यों कुछ सूचनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं था।

ii. उपलब्ध कराई गई सूचना इस नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत जांच आरंभ करने के औचित्य को दर्शाने के लिए स्पष्ट रूप से पर्याप्त नहीं है। प्रस्तुत किया गया साक्ष्य "पर्याप्त साक्ष्य" होने के लिए समुचित गुणवत्ता का होना चाहिए। यूनाइटिड स्टेट – कनाडा से सोफ्टवुड लंबर; गुआटेमाला – सीमेंट ।। और मेक्सिको – स्टील पाइप एंड ट्यूब में डब्ल्यू टी ओ के पैनल पर विश्वास किया गया है। क्षति पहुंचाने वाले अन्य कारकों की जांच अवश्य की जानी चाहिए थी।

iii. याचिकाकर्ताओं ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और इस कारण से उन्होंने पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 और उसके साथ ही दिनांक 7 सितंबर, 2018 के व्यापार नोटिस सं. 10/2018 का उल्लंघन किया है। याचिकाकर्ताओं ने पारेषण और सब स्टेशन क्षेत्रों के लिए अलग अलग क्षति विवरण प्रस्तुत किया है। क्षति से संबंधित विवरणों के बारे में बिना कोई उचित आधार/ सही कारण दर्शाये बिना पूर्णरूप से गोपनीय का दावा किया गया है, जिससे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिए उचित टिप्पणियां करना संभव नहीं हो पाया है। *मैसर्स मेघमनि आर्गेनिक बनाम संघ सरकार* पर विश्वास किया गया है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

20. विभिन्न विविध अनुरोधों की जांच जिन्हें संगत माना गया नीचे दिए गए अनुसार की गई है :

i. सूचना की गोपनीयता के संबंध में दिए गए तर्क के बारे में यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां कहीं भी आवश्यक हुआ गोपनीयता संबंधी दावे को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न किये गये के रूप में माना गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ उपलब्ध करायें। प्राधिकारी ने सार्वजनिक फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों का एन सी वी उपलब्ध कराया।

ii. जहां तक मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर के इस तर्क का प्रश्न है कि यह एक हितबद्ध पक्षकार है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली का उत्तर निर्धारित अथवा बढ़ाई गयी समयाविधि के भीतर प्रस्तुत नहीं किया है और न ही उक्त निर्यातक यह दर्शाने में सफल हो पाये हैं कि उन्होंने वर्तमान कार्यवाहियों में भाग लेने के लिए अपने दावे को दर्ज करने के उद्देश्य से निर्धारित समय सीमाओं के भीतर एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया था। प्राधिकारी ने सभी संबंधितों को सूचना के लिए डी जी टी आर की वेबसाइट पर इस आशय की आवश्यक अधिसूचना अधिसूचित की। उपर्युक्त को देखते हुए प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि वर्तमान जांचों के उद्देश्यों से मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर को एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जाये।

च. बाजार अर्थव्यवस्था प्रशोधन, सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण

21. घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ साथ निम्नलिखित अनुरोध किया :

i. चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण अनुबंध-। के पैरा 7 के आधार पर किया जाना चाहिए प्राधिकारी से यह अनुरोध किया जाता है कि वे इस नियमावली के अनुबंध-। के पैरा 7 और 8 के अनुसार चीन में समान्य मूल्य का निर्धारण करें।

ii. निर्यातक यह दर्शाने में सफल नहीं रहे हैं कि अनुच्छेद 15 (क) (i) के प्रावधानों के अनुरूप, विचाराधीन उत्पाद के निर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में

बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं। प्राधिकारी से यह अपेक्षित नहीं है कि वे सामान्य मूल्य के निर्धारण के उद्देश्य से चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करें।

विरोधी हितबद्ध पक्षकारों का दृष्टिकोण

22. विरोधी हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि विश्व व्यापार संगठन में चीन के प्रवेश से संबंधित नयाचार के संगत प्रावधानों के अनुसार, पाटनरोधी कार्यवाही में 11 दिसंबर, 2016 से गैर-बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा अपनाने का कोई कानूनी आधार नहीं है। इस प्रकार की प्रथा तब से समाप्त होना आवश्यक है। यूरोपीय यूनियन के विरुद्ध चीन जन. गण. द्वारा आरंभ की किये गये फास्टनर मामले में विश्व व्यापार संगठन की अपीलीय निकाय के रिपोर्ट पर विश्वास किया गया।

प्राधिकारी द्वारा जांच

23. शुरूआत के चरण में याचिकाकर्ता ने चीन जन. गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में मानकर इस पूर्वानुमान के साथ आगे की कार्यवाही की। शुरूआत के पश्चात प्राधिकारी ने चीन में उत्पादकों/ निर्यातकों को जांच शुरूआत की सूचना का उत्तर देने और इस तथ्य के निर्धारण से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने की सलाह दी कि क्या उनके आंकड़े/ सूचना को सामान्य मूल्य के निर्धारण के उद्देश्य से अपनाया जा सकता है। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत सूचना उपलब्ध कराने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों को संगत प्रश्नावली की प्रति भेजी। हालांकि, चीन के किसी भी उत्पादक/ निर्यातक ने इस प्रश्नावली का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

24. विश्व व्यापार संगठन में चीन के प्रवेश से संबंधित न्यायाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखित प्रावधान हैं :

"गेट 1994 का अनुच्छेद VI, शुल्क और व्यापार पर सामान्य करार का अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन के संबंध में करार 1994 ("पाटनरोधी करार") और एस सी एम करार निम्नलिखित के अनुरूप विश्व व्यापार संगठन के सदस्य में चीन के मूल के आयातकों को शामिल करते हुए कार्यवाहियों में लागू रहेगा :

"(क) गेट 1994 के अनुच्छेद VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता का निर्धारण करने में, आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य जांच के अधीन उद्योग के लिए या तो चीन की कीमतों अथवा लागतों या ऐसी पद्धति जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों से सही तुलना पर आधारित नहीं हो, का उपयोग करेंगे :

(i) यदि जांच के अधीन उत्पादक स्पष्ट रूप से यह दर्शा सकते हों कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों उस उत्पाद के निर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में मौजूद हो, तब आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य कीमत की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांच के अधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे।

(ii) आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य ऐसी कार्यपद्धति का उपयोग कर सकते हैं जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों से सही तुलना पर आधारित न हो यदि जांच के अधीन उत्पादक स्पष्ट रूप से इस तथ्य को नहीं दर्शा सकते हैं कि उस उत्पाद के निर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में तमाम उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां मौजूद हैं।

(ख) एस सी एम करार के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में, जब अनुच्छेद 14 (क), 14 (ख), 14 (ग), 14 (घ) में उल्लिखित सब्सिडी का समाधान करना हो, तब एस सी एम करार का संगत प्रावधान लागू होगा; हालांकि उसके प्रयोग में यदि विशेष दिक्कतें हों तब आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य सब्सिडी लाभ की पहचान करने और उसका माप करने के लिए कार्यपद्धतियों का उपयोग कर सकते हैं जो इस संभावना पर विचार करता हो कि चीन में मौजूदा शर्त और नियम उपयुक्त बेंच मार्क के रूप में हमेशा उपलब्ध नहीं रह सकता है। इस प्रकार की कार्यपद्धतियों को लागू करने में, जहां भी व्यवहार्य हो, आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य को चीन से बाहर प्रचलित शर्तों और नियमों के उपयोग पर विचार करने से पूर्व इस प्रकार की प्रचलित शर्तों और नियमों का समायोजन करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य (क) शासनरोधी प्रथाओं से संबंधित समिति को उप अनुच्छेद के अनुसार प्रयोग किये गये कार्यपद्धतियों को अधिसूचित करेंगे और (ख) सब्सिडी और प्रतिकर उपायों से संबंधित समिति को उप अनुच्छेद के अनुसार प्रयोग किये गये कार्य पद्धतियों को अधिसूचित करेगा।

(घ) जैसे ही चीन ने आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के राष्ट्रीय कानून के अंतर्गत यह सिद्ध किया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, उप अनुच्छेद (क) के प्रावधानों को समाप्त कर दिया जायेगा बशर्ते कि प्रवेश की तिथि का आयात करने वाला सदस्य हो। किसी भी स्थिति में उप अनुच्छेद (क) (ii) के प्रावधान प्रवेश की तिथि के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जायेंगे। इसके अलावा, यदि चीन आयात करने वाले विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में यह सिद्ध करता हो की किसी विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में बाजार अर्थव्यवस्था से संबंधित स्थितियां मौजूद हैं, उप अनुच्छेद (क) का गैर बाजार अर्थव्यवस्था से संबंधित प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र पर अब लागू नहीं होंगे"

25. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि दिनांक 11.12.2016 को, 15 (क) (ii) के प्रावधान यद्यपि समाप्त हो गये हैं फिर भी प्रवेश नयाचार के 15 (क) (i) के अंतर्गत दायित्व के साथ पठित विश्व व्यापार संगठन के अनुच्छेद 2.2.1.1 के प्रावधान को एम ई टी दर्जे के संबंध में पूरक प्रश्नावली में उपलब्ध कराई गई सूचना/ आंकड़ों के माध्यम से पूरा किये जाने के लिए भारत के पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-। के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड अपेक्षित है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि चूंकि चीन के किसी भी उत्तर देने वाले निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था प्रशोधन प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है, सामान्य मूल्य की गणना को पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध । के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार देखे जाने की आवश्यकता है।

संरचित सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए कार्यपद्धति

26. सबसे अधिक प्रभावी घरेलू उद्योग की लागत पर विचार संरचित सामान्य मूल्य की गणना के उद्देश्य से की गई है। 5 प्रतिशत के उपयुक्त लाभ मार्जिन को संबद्ध वस्तुओं के संरचित सामान्य मूल्य को तय करने के लिए 'ब्याज को छोड़कर बिक्री की कुल लागत' में जोड़ा गया है। इस प्रकार से संरचित सामान्य मूल्य वह है जिसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

निर्यात कीमत का निर्धारण

27. केवल एक उत्पादक निर्यातक नामत: मैसर्स लिलिन हाक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि. ने वर्तमन जांच में निर्यातक की प्रश्नावली (ई क्यू) का उत्तर प्रस्तुत किया है। इस उत्तर की जांच किये जाने से यह उजागर हुआ है कि उत्पादक ने संबद्ध वस्तुओं का निर्यात भारत में प्रत्यक्ष तौर पर किया है जिसका विवरण ई क्यू आर के परिशिष्ट 3क में दिया गया है। प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत किये गये निर्यात से संबंधित आंकड़ों का विधिवत संबंध डी जी प्रणाली से प्राप्त किये गये आयात से संबंधित आंकड़ों से था। प्रस्तुत किये गये विवरण के अनुसार, कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान भारत में पोर्सिलेयन इंसुलेटर के कुछ प्रकारों का ही निर्यात किया है। समुद्री भाड़े, बीमा, अंतर्देशीय भाड़े, बंदरगाह पर रख-रखाव संबंधी शुल्क, ऋण लागत, पैक करने की लागत और बैंक प्रभारों के आधार पर आवश्यक समायोजनों का दावा किया गया है और उस पर निवल (कारखानागत) निर्यात कीमत की गणना करने के लिए उचित सत्यापन (तालिका अध्ययन में) के बाद विचार किया गया था। एन ई पी की गणना पी सी एन वार की गई है। एन ई पी वही है जिसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

सी एन वी और ई पी गैर-उत्पादक उत्पादक निर्यातकों के लिए

28. चीन से गैर-प्रतिक्रियाशील उत्पादकों / निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य का निर्धारण उत्तरदाता के निर्यात लेनदेन के आधार पर किया गया है। सहकारी निर्यातक ने भारत को कई पी सी एन के तहत आने वाले विषय वस्तुओं का निर्यात किया है। सी एन वी का निर्धारण पी सी एन के आधार पर उच्चतम सी एन वी के आधार पर किया गया है।

पाटन मार्जिन

29. संबद्ध वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण संबद्ध वस्तुओं के लिए सामान्य मूल्य (संरचित) और कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत से तुलना करते हुए की गई है। पाटन मार्जिन की गणना पी सी एन वार की गई है और उसका भारित औसत नीचे तालिका में दिया गया है।

	एन ई पी	सी एन वी	पाटन मार्जिन		
उत्पादक	अमरीकी डॉलर/ मि. ट.	अमरीकी डॉलर/ मि. ट.	अमरीकी डॉलर/ मि. ट.	%	रेंज
मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि.	***	***	***	***	40-50
अन्य कोई	***	***	***	***	165-175

30. यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन इस नियमावली के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमाओं से अधिक है।

छ. क्षति और कारणात्मक संबंध का निर्धारण

घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण

31. घरेलू उद्योग ने इस संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किया हैं :

i. पोर्सिलेयन इंसुलेटर भारतीय उद्योग को विगत में हानि हो रही थी जिसे मूल जांच में सिद्ध किया गया था और इसके फलस्वरूप वर्तमान पाटनरोधी शुल्क लगाया गया।

ii. पाटनरोधी शुल्क और रक्षोपाय शुल्क लगाये जाने के साथ, भारतीय उद्योग की बिक्री में एक संक्षिप्त अवधि के लिए सुधार हुआ हालांकि प्रमुख उपयोगिता कंपनियों ने पोलिमर इंसुलेटर को ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटर के समतुल्य मानना शुरू कर दिया जिसके फलस्वरूप पोर्सिलेयन इंसुलेटर के बाजार हिस्से को प्रतिस्थापित करना पड़ा। आयात से संबंधित आंकड़े स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के बाद ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटर के आयातों में गिरावट के साथ पोलिमर इंसुलेटर में वृद्धि हुई।

iii. पाटनरोधी शुल्कों के उत्तर में एक प्रकार के इंसुलेटर से दूसरे प्रकार के इंसुलेटर के आयातों के पैटर्न में परिवर्तन का तथ्य मांग के अनुसार एक उत्पाद से दूसरे उत्पाद में परिवर्तित करने के लिए चीन के उत्पादकों की क्षमता और प्रतिरोध को दर्शाता है। इसके अलावा यह भी दर्शाता है कि यदि शुल्कों को समाप्त कर दिया जाये तब वे पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटर की ओर वापिस जा सकते हैं। घरेलू उद्योग ने संबंधित प्राधिकारी को अलग अलग परिवेश संबंधी स्थितियों से निपटने के लिए उनके अलग अलग विनिर्देशनों को देखते हुए पोलिमर और पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटर के बीच अंतर स्थापित करने के लिए अनुरोध किया जिसे प्राधिकारियों द्वारा स्वीकार्य पाया गया है। इस प्रकार से यह आशा की जाती है कि ग्लास/ पोर्सिलेयन इंसुलेटरों के लिए मांग का मौजूद होना जारी रहेगा और भविष्य में इसमें वृद्धि होगी।

iv. जब आयातों की मात्रा में गिरावट भी हुई है तब वह पाटित और प्रतिकारक कीमतों पर हुई है।

v. उत्पादन और खपत दोनों के मामले में आयातों ने क्षति की पूरी अवधि के दौरान गिरावट की प्रवृत्ति दर्शायी है। कुल आयातों में संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में 2016-17 तक गिरावट आई और पुन: जांच की अवधि में इसमें वृद्धि हुई। संबद्ध देश से आयातों का कुल आयातों में 87 प्रतिशत का अभी भी एक बहुत बड़ा हिस्सा है। अन्य देश चीन के उत्पादकों द्वारा अपनाई जा रही कीमत निर्धारण के प्रकार के कारण भारतीय बाजार में अपने उत्पाद की बिक्री भी नहीं करते हैं।

vi. कर पूर्व लाभ में इस तथ्य को देखते हुए पाटनरोधी शुल्कों को लगाये जाने के बाद भी क्षति की अवधि की तुलना में गिरावट आई है कि बाजार ने पोलिमर इंसुलेटर के आयातों के साथ बाजार में तोड़ मरोड़ की है।

vii. नकद लाभ में आधार वर्ष से धीरे धीरे वृद्धि हुई लेकिन तब उसमें तेजी से गिरावट आई है। निवेश पर आय ने नकद लाभ के रूप उन्हीं प्रवृत्तियों को अपनाया है जहां आधार वर्ष से मामूली वृद्धि हुई थी, तब उसमें अचानक गिरावट आई थी।

viii. औसत माल भंडार में वृद्धि हुई है। आदेश आधारित उद्योग के बावजूद, घरेलू उद्योग ने आदेशों की प्रत्याशा में उत्पादन किया है क्योंकि इनको जब भी आवश्यक हो, रोका नहीं जा सकता है और आरंभ नहीं किया जा सकता है। आदेशों के अभाव में, क्षति के अवधि के दौरान माल भंडार इकट्ठा हो गया है।

ix. वर्तमान मांग और बाजार की स्थिति को देखते हुए घरेलू उद्योग और आगे निवेश करने की स्थिति में नहीं है। सर्वप्रथम ग्लास इंसुलेटर का पाटन और उसके पश्चात पोलिमर इंसुलेटर अब उद्योग को नये निवेश करने से रोक रहा है। इस उत्पाद का सतत पाटन के कारण भारतीय उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है जो किसी समय में इस उत्पाद का एक प्रमुख निर्यातक होता था।

x. भेल का इंसुलेटर के उत्पादन के लिए दो संयंत्र हैं और उसकी कुल क्षमता 12,000 मी. ट. इंसुलेटर का उत्पादन करने की है। इन संयंत्रों में से एक संयंत्र ने देश में ग्लास और पोर्सिलेयन इंसुलेटर के पाटन जिससे बहुत अधिक वित्तीय हानि हुई है, के कारण उत्पादन को स्थगित कर दिया है और कंपनी हो रही क्षति को नहीं सह सकती है और इसके बजाय उसने अपने बंग्लौर संयंत्र में उत्पादन स्थगित करने का निर्णय लिया।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों का दृष्टिकोण

32. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध नीचे दिए गए अनुसार है :

i. याचिकाकर्ता कंपनियों की बिक्री में 18 महीने की जांच की अवधि के दौरान आधार वर्ष 2014-15 के दौरान 55,993 मी. ट. से 85,353 मी. ट. तक वृद्धि हुई है। इसके विपरीत संबद्ध देश के आयातों में मांग में गिरावट के साथ जांच की अवधि के दौरान ही वर्ष 2014-15 के दौरान 36,357 मी. ट. से 93 प्रतिशत कम होकर 2,214 मी. ट. हो गया है। भारत में संबद्ध वस्तुओं की कुल मांग आधार वर्ष 2014-15 के दौरान 114,467 मी. ट. से घटकर जांच की अवधि के दौरान 110,026 मी. ट. हो गयी है। इस प्रकार से घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण संबद्ध वस्तुओं के आयातों को नहीं माना जा सकता है बल्कि इसका कारण पोलिमर इंसुलेटर का आयात है।

ii. बाजार की मांग में संबद्ध आयातों के हिस्से में बहुत अधिक गिरावट आई है जबकि पोलिमर इंसुलेटर के आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। संबद्ध देश से इस प्रकार के मामूली हिस्से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचा सकते हैं।

iii. बिक्री की लागत में मामूली रूप में वृद्धि हुई है जबकि बिक्री की कीमत स्थिर है। लागत में परिवर्तन का प्रभाव बिक्री की कीमत पर नहीं पड़ा है जिसका आशय यह है कि घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और बिक्री की कीमत में कोई संबंध नहीं है। याचिकाकर्ता ने संशोधित याचिका में पहुंच कीमत से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। इस कारण से उसकी तुलना मूल याचिका में उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर की गई है। चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयातों की पहुंच कीमत में बिक्री की लागत में वृद्धि के साथ बढ़ोतरी हो रही है।

iv. पहुंच कीमत में वृद्धि के फलस्वरूप आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान कीमत में कटौती में कमी आई है (18 महीने की जांच की अवधि से आधार वर्ष की तुलना)।

v. याचिकाकर्ताओं की बिक्री की मात्रा में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। निर्यात आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। इस प्रकार से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है(18 महीने की जांच की अवधि से आधार वर्ष की तुलना)।

vi. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट का कारण चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं का आयात नहीं है; यह पोलिमर इंसुलेटर का आयात है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है।

vii. पोलिमर इंसुलेटर का बढ़ा हुए उपयोग वास्तव में बाजार में खपत के पैटर्न में परिवर्तन को दर्शाता ही है। पी जी सी आई एल ने भारत में सबसे बड़े उत्पादक के रूप में पोलिमर इंसुलेटर का विचाराधीन उत्पाद से परिवर्तित किया है। इसका उपभोग के पैटर्न में बहुत बड़े परिवर्तन के रूप में अवश्य व्याख्या की जानी चाहिए। इस प्रकार से क्षति और संबद्ध आयातों के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

viii. याचिकाकर्ताओं ने विचाराधीन उत्पाद और पोलिमर इंसुलेटर के संयुक्त बाजार हिस्से का विश्लेषण करने के बाद इन आंकड़ों में तोड़ मरोड़ करने का प्रयास किया है। अभी भी ये आंकड़े दर्शाते हैं कि संबद्ध देश के बाजार हिस्से में बहुत अधिक गिरावट हुई है और याचिकाकर्ताओं के बाजार हिस्से अपरिवर्तित रहे हैं।

ix. क्षति के कीमत संबंधी मानदंडों पर, निर्यातक को संगत अनुरोध करने से रोका जाता है क्योंकि सब स्टेशन और पारेषण इंसुलेटरों के लिए अलग अलग आंकड़े अगोपनीय रूप में उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। हालांकि, याचिकाकर्ताओं द्वारा दिये गये कथन यह दर्शाते हैं कि इस अवधि में याचिकाकर्ताओं को हो रही कोई क्षति का पूर्ण रूप से संबद्ध आयातों से संबद्ध नहीं है।

x. घरेलू उद्योग को कथित रूप से हुई कोई क्षति संबंधित देश से आयातों को छोड़कर अन्य कारणों से हुई है, गैर आरोपण विश्लेषण का पाटित आयातों और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संबंध सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए अथवा पाटित आयातों को छोड़कर कारकों द्वारा पहुंचाई गई क्षति को बाहर किया जाना चाहिए।

xi. यह देखते हुए कि याचिकाकर्ताओं को बाजार में प्रवृत्ति के बदलाव के द्वारा बहुत अधिक क्षति हुई है, प्राधिकारी को विचाराधीन उत्पाद पर शुल्कों को जारी नहीं रखना चाहिए और याचिकाकर्ता को पोलिमर इंसुलेटर के संबंध में एक नया आवेदन अथवा विचाराधीन उत्पाद और पोलिमर इंसुलेटर के लिए एक संयुक्त आवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति देनी चाहिए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

33. प्राधिकारी द्वारा इसके बाद किया गया क्षति संबंधी विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये विभिन्न अनुरोधों का समाधान करता है।

(i) पाटनरोधी नियमावली का इसके अनुबंध - ।। के साथ पठित नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में ". . . पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए . . ." घरेलू उद्योग की क्षति को दर्शाते वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास होता अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाती जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती।

(ii) डब्ल्यू टी ओ करार के अनुच्छेद 3.1 और नियमावली के अनुबंध-II में इन दोनों की तथ्यपरक जांच की व्यवस्था है, (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पाद के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों का प्रभाव; और (ख) ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों का परिणामी प्रभाव। पाटित आयातों के मात्रात्मक प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात की जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से अथवा

भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है। पाटित आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात की जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पादों की कीमतों की तुलना में भारी कीमत कटौती की गई है अथवा क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में महत्वपूर्ण स्तर तक कमी करना है या ऐसा कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई होती।

(iii) सीमा प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9क (5) के अनुसार, लगाये गये पाटनरोधी शुल्क यदि उसे पूर्व में समाप्त नहीं किया गया हो इस प्रकार से लगाये जाने की तिथि से 5 वर्षों के समाप्त होने पर निष्प्रभावी हो जायेगा बशर्ते की यदि केंद्र सरकार इसकी समीक्षा में इस मत पर पहुंचती हो कि इस प्रकार के शुल्क को समाप्त किये जाने के फलस्वरूप पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा उसके फिर से होने की संभावना है, यह समय समय पर आगे 5 वर्षों के समय के लिए ऐसे अधिरोपण की अवधि का विस्तार कर सकती है और इस प्रकार की आगे की अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तिथि से आरंभ होगी।

(iv) भारत में घरेलू उद्योगों पर आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए प्राधिकारी ने ऐसे सूचकांकों पर विचार किया है जिसका उपर्युक्त नियमावली के अनुबंध ।। (iv) के अनुसार उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, भंडार, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन का आकार और मार्जिन के रूप में उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो।

(v) इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये विभिन्न अनुरोधों पर विचार करते हुए, प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति की संभावना के पहलुओं की जांच करने के लिए कार्यवाही करने से पूर्व घरेलू उद्योग को वर्तमान क्षति, यदि कोई हो की जांच करने की कार्यवाही करते हैं।

झ. मात्रा का प्रभाव

i. मांग का आंकलन

34. प्राधिकारी ने वर्तमन जांच के उद्देश्य से सभी स्रोतों से आयातों और भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री के योग के रूप में भारत में इस प्रकार की मांग अथवा स्पष्ट खपत को परिभाषित किया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए इस प्रकार से आकलित मांग नीचे दी गई है :

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि क
1	घरेलू उद्योग की बिक्री	मी. ट.	55,993	59,357	56,186	56,902
2	अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	मी. ट.	22,097	30,411	19,955	14,747
3	संबद्ध देशों से आयात	मी. ट.	36,357	9,412	3,006	1,476
4	अन्य देशों से आयात	मी. ट.	20	39	1,242	225
5	कुल मांग	मी. ट.	1,14,466	99,219	80,388	73,351

35. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तुओं की मांग में क्षति की अवधि की तुलना में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग और उत्तर देने वाले निर्यातक दोनों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि विचाराधीन उत्पाद के लिए मांग पारेषण क्षेत्र में पोलिमर इंसुलेटर द्वारा ले ली गई है। यह उल्लेख किया गया है कि कुछ उपभोक्ताओं (प्राथमिक रूप से पी जी सी आई एल) ने पोलिमर और विचाराधीन उत्पाद का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर करना शुरू कर दिया था। यह देखा

गया है कि भारतीय उत्पादकों की पोलिमर इंसुलेटर के आयात और पोलिमर इंसुलेटर की बिक्री में बहुत अधिक वृद्धि हुई है, जिसे नीचे दर्शाया गया है -

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि क
पोर्सिलेयन इंसुलेटर						
1	घरेलू उद्योग की बिक्री	रु. लाख	***	***	***	***
2	अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	रु. लाख	***	***	***	***
3	संबद्ध देशों से आयात	रु. लाख	28,205	8,089	2,398	1,732
4	अन्य देशों से आयात	रु. लाख	25	67	1,448	239
पोलिमर इंसुलेटर						
5	चीन से पोलीमर इंसुलेटर का आयात	रु. लाख	11,004	10,763	14,910	14,771
6	भारतीय उत्पादकों की बिक्री – पालीमर	रु. लाख	***	***	***	***

ii. आयात की मात्रा और बाजार का हिस्सा

36. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि क्या भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में अथवा स्वतंत्र रूप में पाटित आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। नीचे दी गई तालिका आयात की मात्राओं और बाजार के हिस्से के संबंध में इन आंकड़ों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं :

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि क
1	संबद्ध देश – चीन	मी. ट.	36,357	9,412	3,006	1,476
2	अन्य देश	मी. ट.	20	39	1,242	225
3	कुल	मी. ट.	36,376	9,451	4,248	1,702
4	संबद्ध देश – चीन	%	100%	100%	71%	87%
5	अन्य देश	%	0%	0%	29%	13%
6	कुल	%	100%	100%	100%	100%
7	निम्नलिखित की तुलना में संबद्ध देश का आयात					
क	भारतीय उत्पादन	%	41.21%	9.14%	3.38%	1.76%
ख	भारतीय मांग	%	31.76%	9.49%	3.74%	2.01%

37. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से आयातों में क्षति की जांच की पूरी अवधि के दौरान गिरावट आई है। उत्पादन और खपत की तुलना में संबद्ध आयातों में भी पाटनरोधी शुल्क को लगाये जाने को देखते हुए क्षति की जांच की पूरी अवधि के दौरान गिरावट आई। चूंकि गिरावट के लिए कारण जिसका उल्लेख घरेलू उद्योग द्वारा किया गया है पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटर की मांग के बजाय पोलिमर इंसुलेटर की मांग होना है।

38. विचाराधीन उत्पाद को अंतिम उपयोग के आधार पर प्रमुख रूप से दो श्रेणियों नामत: ''पारेषण लाइन इंसुलेटर'' और ''सब स्टेशन इंसुलेटर'' में अलग अलग किया जा सकता है जिसे आगे तकनीकी विनिर्देशों के आधार पर विभिन्न पी सी एन में अलग अलग किया जा सकता है। विचाराधीन उत्पाद के आयातों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि पारेषण क्षेत्र में आयातों की मात्रा में तेजी से गिरावट आई जबकि सब स्टेशन क्षेत्र में इसमें वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग द्वारा किये गये दावे के अनुसार, जैसा कि आयात के आंकड़ों से स्पष्ट है, पारेषण क्षेत्र में बाजार की मांग अस्थायी रूप से पोलिमर इंसुलेटर की ओर परिवर्तित हो गई थी जो धीरे धीरे पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटर की ओर आ रहा है और उसके माध्यम से वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता आवश्यक है।

क्र. सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**जांच की अवधि क**
1	हस्तांतरण क्षेत्र में आयात	मी. ट.	35,332	8,595	2,313	-
2	सब स्टेशन क्षेत्र में आयात	मी. ट.	80	212	413	720

iii. कीमत का प्रभाव

क. कीमत में कटौती

39. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, निर्दिष्ट प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि क्या भारत में तमाम उत्पाद की कीमत से तुलना किये जाने पर पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा ऐसे क्या ऐसे आयातों के प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमतों पर बहुत अधिक मात्रा में दबाव पड़ता अथवा कीमत वृद्धि रूक जाती जो अन्य प्रकार से बहुत अधिक सीमा तक हुई होती। इस संबंध में, इस उत्पाद का पहुंच मूल्य और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत जिसमें व्यापार के उसी स्तर पर सभी छूट और कर शामिल हैं, से भी तुलना की गई है।

40. याचिकाकर्ताओं ने संबद्ध वस्तुओं के लिए घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से आयातों की पहुंच कीमत की तुलना की है। डी जी सी आई एस आंकड़ों के आधार पर गणना की गई कीमत में कटौती नीचे दी गई है :

क्र. सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**जांच की अवधि**
1	पहुंच मूल्य	रु./ किग्रा.	83.06	91.55	85.20	127.67
2	निबल बिक्री कीमत	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
3	कीमत में कटौती	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
4	कीमत में कटौती	रेंज %	60%-70%	55%-65%	60%-70%	5%-15%

41. यह देखा गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयातों की पहुंच कीमत में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में वृद्धि हुई है जो इस तथ्य के कारण हुई है कि पूर्व के वर्षों के दौरान, इन आयातों में पारेषण लाइन के लिए अधिकांशत: डिस्क इंसुलेटर होते थे जिनकी कीमत जांच की अवधि के दौरान आयात किये जा रहे सब स्टेशन के लिए खोखले इंसुलेटरों की तुलना में कम होती थी। हालांकि, आयात की गई संबद्ध वस्तु अभी भी उन कीमतों पर हैं जो घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत से कम है (कुल मिलाकर पारेषण और सब स्टेशन लाइन के लिए इंसुलेटर सहित) इस प्रकार से संबद्ध देश से आयातों के कारण जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की कीमतों में बहुत अधिक सीमा तक कटौती हो रही है।

ख. कीमत न्यूनीकरण/ ह्रास

42. इस तथ्य का निर्धारण करने के उद्देश्य से कि क्या पाटित आयातों से घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ रहा है अथवा उसमें ह्रास हो रहा है और क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से काफी हद तक कीमतों पर दबाव पड़ेगा अथवा कीमत में वृद्धि रूक जायेगी जो अन्य प्रकार से काफी हद तक हुई होती, याचिकाकर्ता ने क्षति की अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में परिवर्तनों पर विचार किया है। यह स्थिति नीचे तालिका के अनुसार दर्शायी गई है :

क्र. सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**जांच की अवधि क**
1	पहुंच मूल्य	रु./ किग्रा.	83.06	91.55	85.20	127.67
2	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	100	110	103	154
3	बिक्री की लागत	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
4	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*98*	*104*	*106*
5	बिक्री कीमत	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
6	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*

43. यह देखा गया है कि बिक्री कीमत जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत के स्तर से कम है। संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत क्षति की समग्र अवधि के दौरान बिक्री की लागत से कम है जिससे घरेलू उद्योग इन कीमतों को लाभप्रद स्तर से कम रखने पर बाध्य हुआ। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग जांच की अवधि के दौरान कीमत पर ह्रास का सामना कर रहा है।

ग. कम कीमत पर बिक्री

44. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों से कम पर हो रहे हैं उन्होंने डी जी सी आई एस आंकड़ों से संबद्ध आयातों की पहुंच से क्षति रहित कीमत की तुलना कर कम कीमत पर बिक्री का दावा किया है। यह निर्णय लिया गया था कि घरेलू उद्योग की कीमतों पर संबद्ध आयातों के प्रभाव की जांच की जाये। इस कारण से घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत की गणना यूनिट वार की गई है और भारित औसत तय किया गया है ताकि इसकी तुलना आयातों की पहुंच से की जा सके। यह देखा गया है कि कम कीमत पर बिक्री सकारात्मक है और बहुत अधिक है।

एन आई पी	**पहुंच मूल्य**	**कम कीमत पर बिक्री**	**कम कीमत पर बिक्री**
अमरीकी डॉलर/ मी. ट.	अमरीकी डॉलर/ मी. ट.	अमरीकी डॉलर/ मी. ट.	**%**
***	***	***	10-20

II. घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक मानदंड

45. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध - ।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच शामिल होगी। इस प्रकार के उत्पादों के घरेलू उत्पादों के इन आयातों के परिणामी परिणाम के संबंध में, पाटनरोधी नियमावली में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और सूचकांकों जिसका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव

पड़ता हो, जिसमें बिक्री में वास्तविक और संभावित गिरावट, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता का उपयोग शामिल है; घरेलू कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कारक, पाटन के मार्जिन का आकार, नकदी के प्रभाव पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता का वस्तुपरक और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

46. तदनुसार, घरेलू उद्योग के विभिन्न आर्थिक मानदंडों का विश्लेषण यहां नीचे किया गया है:

क. उत्पादन, क्षमता, क्षमता का उपयोग और बिक्री की मात्रा

47. घरेलू उद्योग का उत्पादन, बिक्री, क्षमता और क्षमता में उपयोग नीचे दिये गये अनुसार हुआ है :

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि क
1	क्षमता	मी. ट.	85,059	85,059	88,726	84,639
2	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*104*	*100*
3	उत्पादन	मी. ट.	66,130	72,609	68,940	69,217
4	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*104*	*105*
5	क्षमता का उपयोग	%	78%	85%	78%	82%
6	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*100*	*105*
7	घरेलू बिक्री की मात्रा	मी. ट.	55,993	59,357	56,186	56,902
8	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*106*	*100*	*102*

48. यह देखा गया है कि :

i. घरेलू उद्योग की क्षमता भट्ठे की बाधा समाप्त किए जाने के कारण 2016-17 में आंशिक वृद्धि के साथ क्षति की समग्र अवधि के दौरान एक जैसी रही और भट्ठे में से एक भट्ठे का निपटारा किये जाने के कारण जांच की अवधि के दौरान इसमें आंशिक गिरावट आई।

ii. संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन 2015-16 में सबसे अधिक था और उसमें उसके बाद गिरावट आई।

iii. क्षमता का उपयोग और बिक्री की प्रवृत्ति वही रही है जो उत्पादन की थी ।

क) मांग में बाजार हिस्सा

49. घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा नीचे दर्शाये गये अनुसार है :

क्र. सं.	मांग में बाजार का हिस्सा	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि
1	घरेलू उद्योग	%	48.92%	59.82%	69.89%	77.58%
2	अन्य भारतीय उत्पादक	%	19.30%	30.65%	24.82%	20.11%
3	संबद्ध देश	%	31.76%	9.49%	3.74%	2.01%

4	अन्य देश	%	0.02%	0.04%	1.55%	0.31%
5	कुल		100.00%	100.00%	100.00%	100.00%

50. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में अन्य भारतीय उत्पादकों के बाजार हिस्से के साथ सतत् रूप से वृद्धि हुई है। संबद्ध देश के आयातों के बाजार हिस्से में संबद्ध वस्तुओं पर लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण गिरावट आई।

ख) लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ

51. लाभ, निवेश पर आय और नकद प्रवाह के संबंध में घरेलू उद्योग का कार्य निष्पादन नीचे दिए गए अनुसार है :

क्र. सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**जांच की अवधि क**
1	बिक्री की लागत	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
2	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*98*	*104*	*106*
3	बिक्री की कीमत	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
4	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*
5	लाभ/ (हानि)	रु./ किग्रा.	***	***	***	***
6	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*128*	*15*	*(25)*
7	लाभ/ (हानि)	रु. लाख	***	***	***	***
8	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*136*	*15*	*(26)*
9	पी बी आई टी	रु. लाख	***	***	***	***
10	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*108*	*58*	*32*
11	नकद लाभ	रु. लाख	***	***	***	***
12	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*118*	*54*	*29*
13	नियोजित पूंजी पर लाभ	%	***	***	***	***
14	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*117*	*64*	*34*

52. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लाभ में क्षति की अवधि की तुलना में बहुत अधिक गिरावट आई। घरेलू उद्योग के नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय में भी क्षति की समग्र अवधि की तुलना में बहुत अधिक गिरावट आई है।

ग) माल भंडार

53. घरेलू उद्योग के पास माल भंडार नीचे दिए गए अनुसार है :

क्र. सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**जांच की अवधि क**

1	औसत भंडार	मी. ट.	6,377	6,676	7,653	9,605
2	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*105*	*120*	*151*

54. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग के पास औसत भंडार में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

घ) रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

55. रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी के संबंध में घरेलू उद्योग का कार्य निष्पादन नीचे दिए गए अनुसार है :

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2014-15	2015-16	2016-17	जांच की अवधि क
1	प्रतिदिन उत्पादकता	मी. ट./ दिन	189	207	197	198
2	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*110*	*104*	*105*
3	रोजगार	सं.	***	***	***	***
4	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*106*	*106*	*106*
5	मजदूरी	रु. लाख	***	***	***	***
6	*प्रवृत्ति*	*सूचीबद्ध*	*100*	*117*	*120*	*122*

56. कर्मचारी और प्रतिदिन उत्पादकता में क्षति की अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है। रोजगार और मजूदरी घरेलू उद्योग पर पाटन के प्रतिकूल प्रभावों को नहीं दर्शाता है क्योंकि इन कारकों को कंपनी के समग्र क्रियाकलाप और अर्थव्यवस्था द्वारा शासित किया जाता है।

ङ) पाटन का आकार

57. पाटन का आकार उस सीमा का एक संकेतक है जिस सीमा तक भारत में आयातों का पाटन किया जा रहा है और घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि संबद्ध देश के विरुद्ध निर्धारित पाटन मार्जिन वर्तमान जांच में सकारात्मक और अधिक है।

च) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

58. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि इस उत्पाद के सतत् पाटन का घरेलू उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है और इससे विस्तार एवं निवेशों की उनकी योजना पर भी प्रभाव पड़ा है।

छ) क्षति का आकार और क्षति मार्जिन

59. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं की क्षति रहित कीमत जैसा कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध ।।। के संबंध में प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है। क्षति रहित कीमत घरेलू उद्योग की सत्यापित सूचना के आधार पर तय की गई है। क्षति रहित कीमत की गणना घरेलू उद्योग के संघटक में से एक संघटक द्वारा उत्पादन किये गये पी सी एन में से प्रत्येक के लिए परिकलित की गई है। बाद में प्रत्येक पीसीएन के लिए भारित औसत की गणना की गई है और उसी की तुलना चीन से आने वाले निर्माता निर्यातक द्वारा प्रासंगिक आयात के भूमि के मूल्य के साथ की गई है। अवशिष्ट श्रेणी के लिए, भूमि का मूल्य सहकारी निर्यातक के लेनदेन के आधार पर निर्धारित किया गया है। पीसीएन के लिए एनआईपी सबसे अधिक कीमत पर लिया गया है। संबद्ध देश के उत्तर देने वाले उत्पादक/ निर्यातक (मैसर्स लिलिंग हाक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि.) और अन्य असहयोगी निर्यातकों के लिए क्षति के मार्जिन के भारित औसत की गणना नीचे दिए गए अनुसार है :

	एन आई पी	पहुंच मूल्य	क्षति मार्जिन

उत्पादक	अमरीकी डालर/ मी. टन्	अमरीकी डालर/ मी. टन्	अमरीकी डालर/ मी. टन्	%	रेंज
मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि.	***	***	***	***	30-40
अन्य कोई	***	***	***	***	135-145

60. यह देखा गया है कि संबद्ध देश के लिए क्षति मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

घरेलू कीमत पर प्रभाव डालने वाले कारक

61. आयात कीमतों का घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ रहा है। यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत से कम है। इसके अलावा, संबद्ध देशों से पहुंच मूल्य से घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव पड़ा था और इसमें ह्रास हुआ था जिसके फलस्वरूप उन्हें वित्तीय हानि हुई। संबद्ध देशों को छोड़कर अन्य देशों से संबद्ध वस्तुओं से आयात बहुत कम मात्रा में हुआ है और इससे घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है। इस उत्पाद के लिए मांग बहुत अधिक बढ़ती हुई प्रवृत्ति को दर्शा रहा है और इस कारण से घरेलू उद्योग द्वारा सामना किये जा रहे कीमत न्यूनीकरण और ह्रास के लिए जिम्मेदार कारक नहीं हो सकता था। उसको देखते हुए, कथित पाटित आयात घरेलू उद्योग की कीमत संरचना में हस्तक्षेप कर रहा है।

क्षति के संबंध में निष्कर्ष

62. इस प्रकार से यह देखा गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के समग्र आयातों में गिरावट आई है। आयात से संबंधित आंकड़ों की विस्तृत जांच यह दर्शाती है कि सब स्टेशन क्षेत्र में आयातों में इस अवधि की तुलना में वृद्धि हुई है जबकि पारेषण लाइन क्षेत्र में आयातों में तेजी से गिरावट आई है जो इस तथ्य के कारण हुआ है कि पोर्सिलेयन पारेषण इंसुलेटर को पोलिमर इंसुलेटर के आयातों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ये आयात पाटित और प्रतिकारक कीमतों पर घरेलू बाजार में अब भी प्रवेश कर रहे हैं। घरेलू उद्योग का उत्पादन, क्षमता का उपयोग और घरेलू बिक्री के मामले में कार्य निष्पादन सतत् रहा है जो यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग को मात्रा के संबंध में कोई क्षति नहीं हुई है। हालांकि, घरेलू उद्योग नियोजित पूंजी पर लाभ में ऋणात्मक वृद्धि और आधार वर्ष तथा तत्काल पूर्व वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान लाभ, नकद लाभ और ब्याज एवं कर पूर्व लाभ में गिरावट को दर्शा रहा है। आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों से कम कीमत पर हो रही है और इसमें कटौती हो रही है तथा कीमतों पर दबाव भी पड़ रहा है। इस प्रकार से प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग को लगातार क्षति हुई है।

ज. कारणात्मक संबंध और गैर-आरोपण विश्लेषण

63. प्राधिकारी ने निम्नलिखित कारण कार्य संबंध और गैर-आरोपण कारकों के विश्लेषण के माध्यम से हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाये गये मुद्दों की जांच की है :

अन्य स्रोतों से आयातों की मात्रा और कीमतें

64. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि रूस को छोड़कर अन्य देशों से आयात मामूली रहा है और इस प्रकार से वह ऐसा कारक नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही हो। जहां तक रूस का प्रश्न है, घरेलू उद्योग ने यह अनुरोध किया कि वह जांच की अवधि के बहुत पहले किये गये आदेश का हिस्सा है।

पोलिमर इंसुलेटरों का आयात

प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र में वर्तमान समीक्षा जांच में पोलिमर इंसुलेटर को शामिल नहीं किया जाये और उसी विचाराधीन उत्पाद को जारी रखा जाये जिसे मूल जांच में अधिसूचित किया गया था। वर्तमान समीक्षा जांच में पाटन के मार्जिन और क्षति के मार्जिन की जांच विशेष रूप से विचाराधीन उत्पाद के लिए की गई थी जिसका विवरण उपर्युक्त संगत अनुच्छेदों में किया गया है। इस प्रकार से परिकलित मार्जिन में

पोलिमर इंसुलेटर के आयात शामिल नहीं होते हैं और इस कारण से उसका परिणाम इस तथ्य पर विचार किये बिना होता है कि क्या पोलिमर इंसुलेटरों का आयात किया जा रहा है अथवा नहीं।

मांग में संकुचन और उपभोग के पैटर्न में परिवर्तन

65. संबद्ध वस्तुओं की मांग में मुख्य रूप से पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटर के कम किये गये आयातों की तुलना में गिरावट आई है जिसका कारण लागू पाटनरोधी शुल्क है। पाटनरोधी शुल्क को लगाये जाने के बाद स्पष्ट रूप से पोलिमर इंसुलेटर की ओर परिवर्तन हुआ है। यदि इन शुल्कों को समाप्त कर दिया जाता है तब इस बात की संभावना है कि पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटरों के आयातों में वृद्धि होगी जिसका समर्थन घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किये गये इन तथ्यों के द्वारा की गई है कि उपभोक्ताओं ने पूर्व के समय जब उनका उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जा रहा था के विपरीत पोर्सिलेयन और पोलिमर इंसुलेटर के बीच अंतर करना आरंभ कर दिया है।

विदेशी और घरेलू उत्पादकों की व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं एवं उनके बीच प्रतिस्पर्धा

66. इन वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से आयात किया जा सकता है और इन वस्तुओं का आयात संबद्ध देशों सहित विभिन्न देशों से किया जा रहा है। व्यापार प्रतिबंधात्मक अथवा प्रतियोगितारोधी प्रथाओं का कोई भी साक्ष्य किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा जांच की अवधि के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया है।

प्रौद्योगिकी में विकास

67. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस जांच में यह नहीं दर्शाया है कि प्रौद्योगिकी में बहुत अधिक परिवर्तन हुआ था जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई होगी।

घरेलू उद्योग का निर्यात कार्य निष्पादन

68. याचिकाकर्ताओं ने विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में निर्यात के मामले में गिरावट नहीं आई है। हालांकि, यहां निर्यात कार्य निष्पादन संगत नहीं है क्योंकि प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के निर्यात कार्य निष्पादन के कारण क्षति का विश्लेषण और क्षति के लिए घरेलू उद्योग के घरेलू कार्य निष्पादन पर भी विचार किया है और पाटित आयातों को इसका कारण नहीं माना गया है।

कारणात्मक संबंध एवं गैर आरोपण विश्लेषण के संबंध में निष्कर्ष

69. प्राधिकारी ने इस तथ्य की जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति सतत् पाटित आयातों के कारण हुआ है। लागू पाटनरोधी शुल्क के बावजूद पाटित कीमतों पर आयातों का होना जारी है। आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत/ उचित कीमत से बहुत कम है और भारत में आ रहे कम कीमत पर पाटित आयातों के कारण बहुत अधिक कम कीमत पर बिक्री हो रही है। नियोजित पूंजी पर लाभ और उन लाभों में कमी आई है जिसके फलस्वरूप जांच की अवधि में वित्तीय हानि हुई और नकद लाभ में कमी आई। इस कारण से यह जांच इस तथ्य को दर्शाता है कि संबद्ध देश संबद्ध वस्तुओं का पाटन और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होती रही जिसे इस जांच में देखा जा सकता है। गैर आरोपण विश्लेषण घरेलू उद्योग को हो रही क्षति को दर्शाता है और यह किसी अन्य कारणों से नहीं हुआ था। संबद्ध देश के लिए सिद्ध की गई जांच की अवधि के दौरान सकारात्मक पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन है।

झ. संभावना का विश्लेषण

70. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है और नियम 23 के मामले में प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे यदि पाटनरोधी शुल्कों को समाप्त होने दिया गया होता तब सतत् पाटन और परिणामी क्षति की संभावना की स्थिति की जांच करें।

घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण

71. घरेलू उद्योग इस संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये थे :

i. चीन के निर्यातों में पोर्सिलेयन और ग्लास इंसुलेटरों से पोलिमर इंसुलेटरों की ओर विपथन हुआ है घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से लगातार क्षति हो रही है यद्यपि आयातों की मात्रा में पोर्सिलेयन/ ग्लास इंसुलेटरों से पोलिमर इंसुलेटर की ओर निर्यात के विपथन के कारण कमी आई है जिसका उपयोग पी

जी सी आई एल द्वारा एक दूसरे के स्थान पर किया जा रहा है। शुल्क लगाने के फलस्वरूप पोलिमर इंसुलेटरों के उपयोग में वृद्धि हुई है।

ii. कार्बन वेलेड स्टील पाइप के आयातों के संबंध में जांच की संख्या करने के बारे में दिनांक मार्च, 2019 के कनाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायाधीकरण द्वारा हाल में दिये गये एक फैसले में कनाड़ा के प्राधिकारी ने "घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाले अन्य कारकों" का पता लगाने के बावजूद इन उपायों को जारी रखा। अन्य कारक जिनसे क्षति हो रही है, पर भी विचार इन उपायों को जारी रखने के लिए मानदंडों और औचित्य के रूप में किया गया था।

iii. शुल्क लगाये जाने के बाद आयातों में गिरावट और ऐसे आयातों में घनात्मक पाटन मार्जिन का आशय यह है कि शुल्क को वापस लिये जाने की स्थिति में पाटन की संभावना है और यह अपने आप में पाटनरोधी शुल्क के विस्तार को न्यायोचित ठहराता है। निर्णायक समीक्षा जांच करने और अन्य अधिकार क्षेत्रों में जांच करने वाले प्राधिकारियों के निष्कर्षों और निर्णयों के संबंध में अमरिकी नीति का संदर्भ लिया गया।

iv. भारत तथा अन्य देशों में पाटन का एक इतिहास रहा है। भारतीय उद्योग को पूर्व की जांचों के समय पाटन के गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ा। मूल जांच के समय, जैसा कि निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा देखा गया, आयातों में कम आयात कीमतों पर बहुत अधिक वृद्धि हुई। शुल्कों को समाप्त किये जाने की स्थिति में ऐसी संभावना है कि आयातों में वृद्धि होगी जिसे अभी भी पाटित कीमतों पर मात्राओं में बहुत अधिक गिरावट आई है।

v. चीन से विश्व में निर्यातों में अत्यधिक समग्र वृद्धि हुई है, संबद्ध वस्तुओं के एक निवल आयातक होने से लेकर चीन संबद्ध वस्तुओं का एक निवल निर्यातक हो गया है। चीन अब बहुत अधिक संख्या में इंसुलेटर के आपूर्तिकर्ता के साथ इलेक्ट्रिक इंसुलेटर का निर्माण करने का विश्व का सबसे बड़ा स्थान हो गया है। पिछले 13 वर्षों में विश्व में चीन का निर्यात 2017-18 में लगभग 650 गुणा बढ़ गया है।

vi. विचाराधीन उत्पाद का विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक चीन है। इसका वर्तमान निर्यात 150 मिलियन अमरीकी डॉलर की भारतीय मांग की तुलना में 360 मिलियन अमरीकी डॉलर है। चीन के उत्पादकों का निर्यात पर बहुत अधिक ध्यान है। यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को नहीं बढ़ाया जाता है तब यह चीन के उत्पादकों को बहुत अधिक बाजार अवसर उपलब्ध करायेगा जो पहले से ही भारत में पोलिमर इंसुलेटरों की बहुत अधिक मात्रा में बिक्री कर रहा है। विश्व के शेष हिस्से में संबद्ध वस्तुओं के निर्यात की मात्रा 2008-09 से आज की तारीख तक सतत् रूप से बढ़ती रही है जो घरेलू उद्योग के निर्यात उन्मुखीकरण में सतत् वृद्धि हो दर्शा रहा है।

vii. क्षति की अवधि के दौरान विश्वभर में अनेक देशों में चीन के निर्यातों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि चीन के उत्पादकों ने घरेलू उद्योग के सामान्य मूल्य, बिक्री कीमत और क्षति रहित कीमत से बहुत कम कीमत पर अनेक देशों में ग्लास और पोलिमर इंसुलेटरों का निर्यात किया है। शुल्कों को समाप्त किये जाने पर, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि कम कीमत वाली मात्रा भारत में अपेक्षाकृत और सस्ती कीमतों पर भेजी जायेगी।

viii. यदि भारत में निर्यात की कीमत वैश्विक रूप से अलग अलग देशों से तुलना की जाती है तब यह देखा जायेगा कि काफी अधिक मात्रा में निर्यात विश्व स्तर पर उस कीमत पर किया गया है जो बहुत कम है।

अन्य हितबद्ध पक्षकारों का दृष्टिकोण

72. विरोधी हितबद्ध पक्षकारों ने इस संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

i. प्राधिकारी से यह आकलन करना अपेक्षित है कि क्या शुल्कों की आसन्न समाप्ति के कारण पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा उसके फिर से होने की संभावना है। याचिकाकर्ताओं ने पाटन के जारी रहने लेकिन क्षति के न होने का आरोप लगाया है। इसके फलस्वरूप, वर्तमान मामले में कारणात्मक संबंध में

विच्छेद हुआ है। इस कारण से प्राधिकारी को अब यह आकलन करना है कि क्या शुल्कों के समाप्त होने के फलस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति फिर से होगी।

ii. आयातों में क्षति की अवधि में 90 प्रतिशत से अधिक तक गिरावट आई है। इस कारण से यह दर्शाने के लिए वर्तमान में कोई आधार नहीं है कि यदि शुल्कों को समाप्त कर दिया जाये तब पाटित आयातों में बहुत अधिक वृद्धि होगी।

iii. याचिकाकर्ताओं ने चीन में अधिक क्षमताओं के संबंध में खोखले और पुष्ट न किये गये दावे किये हैं। केवल इस कारण से की भारत में आयातों में कमी है, यह नहीं माना जा सकता है कि चीन में क्षमताओं का उपयोग अन्य देशों में निर्यात के लिए नहीं किया जा रहा है।

iv. पारेषण और सब-स्टेशन इंसुलेटरों के लिए कीमत न्यूनीकरण/ ह्रास का अलग से आकलन किये गये बिना, हम इस मुद्दे पर विस्तृत टिप्पणियां करने में सक्षम नहीं हैं। पूर्वाग्रह के बिना यह नोट किया जाये कि संबद्ध आयातों के कारण क्षति का न होना याचिकाकर्ताओं द्वारा पहले ही मान लिया गया है।

v. इस तथ्य को सिद्ध करने के लिए यही काफी नहीं है कि क्या भारत पहले से ही कीमत के मामले में आकर्षक बाजार है बल्कि इसके बजाय यह कि क्या भारत इन शुल्कों को समाप्त होने देने की स्थिति में कीमत के मामले में आकर्षक बाजार बन जायेगा। भारत को छोड़कर अन्य देशों में चीन के निर्यातों का विश्लेषण किया गया है। दिये गये आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर चीन से निर्यातों का 90 प्रतिशत से अधिक उस कीमत पर हुआ जो पर्याप्त रूप से भारत में इस कीमत की तुलना में कम है। भारत चीन में अनेक प्रमुख उत्पादकों के लिए कीमत के मामले में बहुत अधिक आकर्षक बाजार पहले से ही है। यदि याचिकाकर्ता के तर्क पर विश्वास किया जाये तब भारत में आयात की मात्रा क्षति के अवधि के दौरान कम से कम उन उत्पादकों से जिनका यू एस डॉलर 1400 प्रति मी. ट. से कम मार्जिन है, से पहले से ही बढ़ता रहना चाहिए था। फिर भी, संबद्ध आयातों में गिरावट आई है। इस कारण से यह मानने का कोई कारण नहीं है कि शुल्कों की समाप्ति से इस परिदृश्य में बहुत बड़ा अंतर आयेगा।

vi. किसी भावी क्षति से घरेलू उद्योग की नई बोली अपेक्षाएं रक्षा करती है, भारत में कारखाना स्थापित करने और उस कारखाने के 25 प्रतिशत की मात्रा की आपूर्ति करने के लिए निविदाओं में विदेशी कंपनियों द्वारा लगाई गई बोलियों के लिए एक अतिरिक्त स्थिति बनी। स्थानीय निवेश स्थानीय मात्रा का उपयोग की इन अतिरिक्त अपेक्षाओं से संबंधित निविदाओं से विदेशी बोली लगाने वालों को दूर किया गया है क्योंकि अनेक निर्यातक भारत में निवेश करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। जैसे ही शुल्क समाप्त होगा यह भारतीय निर्माताओं के संरक्षण के लिए एक अतिरिक्त तंत्र बनायेगा।

प्राधिकारी द्वारा जांच

73. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वर्तमान जांच संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर लगाये गये पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है और प्राधिकारी को पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किये जाने की स्थिति में पाटन और क्षति की संभावना की जांच करनी है। प्राधिकारी ने इस नियमावली के अनुबंध ।। (vii) के संबंध में वास्तविक क्षति के खतरे से संबंधित मानदंडों पर विचार करते हुए क्षति के जारी रहने अथवा उसके फिर से होने की संभावना की जांच की। इस नियमावली के अनुबंध ।। के नियम (vii) में निम्नलिखित कारकों का प्रावधान है।

क) सतत् और मौजूदा पाटन

74. जबकि संबद्ध देश से इस उत्पाद के समग्र आयातों में क्षति की जांच की पूरी अवधि के दौरान गिरावट आई है, पारेषण इंसुलेटरों का आयात लगभग समाप्त हो गया है जबकि सब-स्टेशन इंसुलेटरों के आयातों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सब-स्टेशन इंसुलेटरों के आयातों की कीमत में गिरावट आई है। पारेषण इंसुलेटरों के आयातों गिरावट इस कारण से हुई थी कि प्रमुख उपभोक्ताओं में से एक उपभोकृता ने इन दोनों को एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किये जाने लायक मानते हुए पोलिमर इंसुलेटरों को अपनाया है। घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराया गया साक्ष्य पोलिमर इंसुलेटरों के उपयोग के संबंध में प्रकार में विचार किये जाने तथा इन दोनों उत्पादों का अंतर संबंधी उपयोग के संबंध में संबंधित सरकारी प्राधिकारियों के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

75. वर्तमान अवधि में आयात पाटित और प्रतिकारक कीमतों पर हुआ है। इस प्रकार से, एक ओर पोर्सिलेयन/ ग्लास से पोलिमर इंसुलेटर की ओर आयातों का होना तथा दूसरी ओर बढ़ती हुई मात्रा के साथ सब-स्टेशन इंसुलेटरों के आयातों में सकारात्मक पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन हुआ है और इसके साथ ही पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किये जाने की स्थिति में संबद्ध वस्तुओं के आयात में बहुत अधिक वृद्धि की संभावना दर्शाती है। यह भी नोट किया जाता है कि उत्तर देने वाले उत्पादक – निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन मूल जांचों में निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की तुलना में बहुत अधिक है। हालांकि चीन के अन्य उत्पादकों ने असहयोग को वरियता दी है।

76. भारत में वर्तमान पहुंच कीमत पर, मौजूदा पाटनरोधी शुल्क पर विचार किये बिना जांच की अवधि के दौरान कीमत में सकारात्मक कटौती हुई है। बिक्री कीमत स्तर बिक्री की लागत के स्तर से कम है। इसके अलावा, आयातों की पहुंच कीमत क्षति की पूरी अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागत और बिक्री कीमत के स्तर से कम रही है। इस प्रकार से यह संभव है कि इन आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव पड़ेगा और वह कम हो जायेगी जिसके फलस्वरूप पाटित कीमतों पर आयातों में वृद्धि होगी।

ख) उत्पादन क्षमताएं और निर्यात उन्मुखीकरण

77. घरेलू उद्योग ने भारत में तथा विश्व के शेष भाग में (व्यापार नक्शा आंकड़े) के संबंध में संबद्ध देश के सीमा शुल्क आंकड़े उपलब्ध कराये हैं जो भारत में संबद्ध वस्तुओं के लिए बहुत अधिक क्षमताओं को दर्शाता है। यह देखा जा सकता है कि चीन से विश्व में निर्यात बहुत अधिक हुआ है जो चीन से संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करने के लिए चीन के उत्पादकों की एक गहन क्षमता को दर्शाता है।

78. घरेलू उद्योग ने इसके संबंध में साक्ष्य देने वाले आंकड़े प्रस्तुत किये हैं कि चीन कुछ वर्ष पहले तक इलेक्ट्रिकल इंसुलेटर का यह निवल आयातक था। धीरे धीरे चीन ने विचाराधीन उत्पाद के लिए पर्याप्त क्षमताएं तैयार की हैं और बहुत कम समयावधि में निवल आयातक से धीरे धीरे निवल निर्यातक बन गया है। विश्व को पिछले 13 वर्षों में चीन द्वारा किये गये निर्यात नीचे तालिका में दिये गये अनुसार है :

क्र. सं.	**अवधि**	**ग्लास (यू एस डॉलर में मूल्य)**	**पोर्सिलेयन (यू एस डालर में मूल्य)**
1	2005-06	97,42,000	5,79,87,000
2	2006-07	1,03,94,000	8,00,46,000
3	2007-08	1,84,26,000	10,45,01,000
4	2008-09	4,22,33,000	14,44,83,000
5	2009-10	4,08,63,000	13,68,30,000
6	2010-11	5,70,85,000	20,66,59,000
7	2011-12	9,50,42,000	26,17,87,000
8	2012-13	14,32,76,000	26,10,48,000
9	2013-14	12,46,13,000	25,20,79,000
10	2014-15	10,90,07,000	23,85,97,000
11	2015-16	8,40,07,000	25,25,05,000
12	2016-17	12,91,40,000	24,51,38,000
13	2017-18	8,06,18,827	27,97,06,265

79. यह भी देखा जाता है कि वर्तमान निर्यात 150 मिलियन यू एस डॉलर की भारतीय मांग की तुलना में 360 मिलियन यू एस डॉलर तक है। इस प्रकार से चीन के उत्पादक बहुत अधिक निर्यात उन्मुख हैं।

निर्यातक का माल भंडार

80. इन निर्यातक द्वारा निर्यातक की प्रश्नावली में दिए गए ब्यौरे के अनुसार, आधार वर्ष तथा पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में माल भंडार में वृद्धि हुई है और इस प्रकार से शुल्कों को समाप्त किये जाने की स्थिति में भारत में बढ़े हुए आयातों की संभावना का परिदृश्य बनता है।

भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता

81. याचिकाकर्ताओं ने चीन के उत्पादकों की पाटन की प्रवृत्ति का अनुमान लगाने के लिए मात्रा और मूल्य के संबंध में चीन तृतीय देश के निर्यातों के आंकड़े (व्यापार नक्शा आंकड़े) संकलित किया है और उसकी तुलना सामान्य मूल्य से की गई। इसके अलावा संबद्ध वस्तुओं की निर्यात कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री कीमत और क्षति रहित कीमत से की गई है ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि यह आयात क्षति रहित कीमत और बिक्री कीमत से कम पर हुआ है और उसके द्वारा मौजूदा पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता को दर्शाया गया है।

क्षति मार्जिन

क्र. सं.	विवरण	यू ओ एम	घनात्मक	ऋणात्मक	कुल
1	मात्रा	मी. ट.	1,89,998	82,519	2,72,517
2	पहुंच मूल्य	यू एस डॉलर/ किग्रा.	1.49	2.78	1.88
3	एन आई पी	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
4	क्षति मार्जिन	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
5	क्षति मार्जिन	%	40-50%	15-35%	10-20%
6	घनात्मक/ ऋणात्मक आई एम का हिस्सा	%	70%	30%	100%

पाटन मार्जिन

क्र. सं.	विवरण	यू ओ एम	घनात्मक	ऋणात्मक	कुल
1	मात्रा	मी. ट.	2,29,979	42,538	2,72,517
2	कारखानागत कीमत	यू एस डॉलर/ किग्रा.	1.40	2.78	1.61
3	सी एन वी	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
4	पाटन मार्जिन	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
5	पाटन मार्जिन	%	50-60%	15-25%	30-40%
6	घनात्मक/ ऋणात्मक डी एम का हिस्सा	%	84%	16%	100%

कीमत में कटौती

क्र. सं.	विवरण	यू ओ एम	घनात्मक	ऋणात्मक	कुल
1	मात्रा	मी. ट.	1,75,474	97,043	2,72,517

2	पहुंच मूल्य	यू एस डॉलर/ किग्रा.	1.44	2.68	1.88
3	एन एस आर	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
4	कीमत में कटौती	यू एस डॉलर/ किग्रा.	***	***	***
5	कीमत में कटौती	%	40-50%	20-30%	5-15%
6	घनात्मक/ ऋणात्मक कीमत में कटौती का हिस्सा	%	64%	36%	100%

82. यह देखा गया है कि चीन से 70 प्रतिशत निर्यात विश्व में क्षति कारक कीमत पर होता है और 84 प्रतिशत निर्यात पाटित कीमत पर होता है। इसके अलावा, 64 प्रतिशत निर्यात उस कीमत पर होता है जिससे घरेलू उद्योग की कीमतों कटौती होगी।

संभावना संबंधी निष्कर्ष

83. संभावना का विश्लेषण भी इस स्थिति को दर्शाता है कि पाटन और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति उस स्थिति में और अधिक होगी जब लागू पाटनरोधी शुल्क समाप्त होता है। रिकार्ड में उपलब्ध आंकड़े यह दर्शाते हैं कि तीसरे देश में काफी अधिक मात्रा में निर्यात हुआ है जो चीन के उत्पादकों की बहुत अधिक क्षमताओं और निर्यात उन्मुखीकरण को दर्शाता है। तृतीय देश के पाटन मार्जिन की गणना की गई है और तीसरे देश में बहुत अधिक मात्रा में पाटित कीमतों पर हो रहा है। कीमत आकर्षकता का विश्लेषण यह दर्शाता है कि तीसरे देशों में बहुत अधिक मात्रा में निर्यात हुआ है जो घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत और एन एस आर की तुलना में कम कीमतों पर है और इन मात्राओं को पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किए जाने की स्थिति में भारत की ओर परिवर्तित किया जायेगा।

ञ. प्रकटन पश्चात् टिप्पणियां

84. प्रकटन पश्चात् कथन के विरुद्ध अनुरोध/ टिप्पणियां प्राथमिक रूप से वे मुद्दे हैं जिन्हें जांच की अवधि के दौरान पहले ही उठाया गया है, हालांकि, स्पष्टता के वास्ते इन अनुरोधों का सारांश दिया गया है और उनका समाधान उपयुक्त रूप से किया गया है।

85. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए :

i. पाटनरोधी शुल्क में संशोधन की आवश्यकता है क्योंकि उत्तर देने वाले उत्पादक के लिए स्थापित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में पूर्व की जांच की अवधि की तुलना में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा निर्यात किये गये विचाराधीन उत्पाद के प्रकार जिसकी आयात की मात्रा पर्याप्त रूप से अधिक है और इसके कारण पाटनरोधी शुल्क को जोड़े जाने के बाद भी घरेलू उद्योग की कीमतों में भी कटौती हो रही है।

ii. विचाराधीन उत्पाद का भारत और अन्य देशों में पाटन का इतिहास रहा है। भारतीय उद्योग को पूर्व की जांच की समय पाटन के गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ा।

iii. घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से लगातार क्षति हो रही है यद्यपि आयातों की मात्रा में पोरसिलेन/ ग्लास इंसुलेटरों से पोलिमर इंसुलेटर में निर्यातों के विपथन के कारण वृद्धि हुई है जिसका उपयोग पी जी सी आई एल द्वारा एक दूसरे के स्थान पर किया जा रहा है।

iv. चीन ने उत्पादकों के साथ पोरसिलेन/ ग्लास इंसुलेटरों की बहुत अधिक क्षमताएं हैं और ये इन क्षमताओं को निष्क्रिय रख रहे हैं और शुल्कों को वापस लिये जाने की स्थिति में इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि इन निष्क्रिय क्षमताओं का उपयोग भारत में इस उत्पाद का निर्यात करने के लिए किया जायेगा।

v. अर्जेंटीना ने चीन, ब्राजील और कोलंबिया के विरुद्ध पोरसिलेन इंसुलेटरों के लिए जांच की है। 227.74 प्रतिशत का पाटनरोधी शुल्क वर्ष 2015 में लगाया गया था और वहीं शुल्क अब भी लागू है। लगाये गये शुल्क की मात्रा चीन के पाटन की सीमा को पूर्ण रूप से दर्शाता है।

vi. पाटनरोधी शुल्क यू एस डालर प्रति मी. ट. में शुल्क के रूप में दर्शाये गये पाटनरोधी शुल्क की निर्धारित मात्रा (शुल्क का निर्धारित रूप) के रूप में ही लगाया जा सकता है।

86. मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि. द्वारा की गई टिप्पणियों का सारांश निम्नानुसार दिया गया है :

i. प्राधिकारी ने पैकिंग लागत पर उपयुक्त रूप से विचार किया है। समायोजित किये जाने के लिए प्रस्तावित पैकिंग लागत लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि. की वास्तविक पैकिंग लागत इसकी तुलना में बहुत अधिक है। पैकिंग लागत के कार्यचालन के संबंध में एक विस्तृत गणना और आवंटन दिया गया है।

ii. चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं अर्थात पोरसिलेन/ ग्लास इंसुलेटरों के आयातों और घरेलू उद्योग को क्षति के बीच कारणात्मक संबंध नहीं है। क्षति का एकमात्र कारण पोलिमर/ संशोधित इंसुलेटरों के आयातों में वृद्धि है जो संबद्ध वस्तु नहीं है।

iii. संबद्ध वस्तुओं के आयातों में बहुत अधिक गिरावट आई है और यह भारत में कुल मांग का केवल 0.71 प्रतिशत हिस्सा है। जबकि इसके विपरीत, पोलिमर इंसुलेटरों के आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है जिसके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। इस प्रकार से, पोलिमर इंसुलेटरों के आयातों पर घरेलू उद्योग को क्षति और आयातों के बीच कारणात्मक संबंध का विश्लेषण करते समय किया जाना है। प्राधिकारी को कथित पाटित आयातों के लिए घरेलू उद्योग को उत्तरदायी नहीं ठहराना चाहिए और यह प्रौद्योगिकी में परिवर्तन और/ विकास के कारण खपत के पैटर्न में परिवर्तन का परिणाम है।

87. मैसर्स सेडिवर इंसुलेटर (शंघाई) कं. लिमि. द्वारा की गई टिप्पणियों का सारांश नीचे दिया गया है :

i. पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत ''हितबद्ध पक्षकार'' को गारंटी दिया गया अधिकार किसी प्रकार के पंजीकरण आवश्यकता से अध्यधीन नहीं है। इस नियमावली के अंतर्गत हितबद्ध पक्षकार के अधिकार (क) मौखिक सुनवाई और उसके पश्चात् लिखित अनुरोध प्रस्तुत करने का अधिकार (नियम 6(6))। (ख) अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिये गये साक्ष्यों का अवलोकन करने और उस पर टिप्पणी करने का अधिकार (नियम 6(7))। (ग) प्रकटन विवरण का अवलोकन करने और उस पर टिप्पणी करने का अधिकार (नियम 16) है।

ii. इस प्रकार से इस नियमावली के अंतर्गत गारंटी दिये गये अधिकारों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत किसी आंतरिक प्रचालन प्रक्रिया जिसे सर्वप्रथम इस नियमावली के अंतर्गत विधायी एम्ब्रेला के अंतर्गत बनाया गया है, का अधिक्रमण करता है। व्यापार सूचना अपने आप में यह अधिकार देती है कि माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी को सर्वप्रथम मैसर्स सेडिवर के अनुरोधों की जांच इसे अस्वीकार करने से पूर्व करनी चाहिए।

प्राधिकारी द्वारा जांच

88. प्राधिकारी ने उपर्युक्त अनुच्छेदों में उपयुक्त स्थानों पर इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाये गये मुद्दों की जांच पहले ही कर ली है, हालांकि कुछ मुद्दों का स्पष्टीकरण फिर से नीचे दिए गए अनुसार किया जा रहा है -

i. प्राधिकारी ने मौजूदा पाटनरोधी शुल्कों के रूप में और संशोधन के बारे में घरेलू उद्योग की टिप्पणियां नोट की हैं।

ii. पैकिंग कॉस्ट समायोजन के संबंध में मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि. का दावा स्वीकार कर लिया गया है और एन ई पी को उपर्युक्त संगत अनुच्छेद में फिर से निर्धारित किया गया है।

iii. पोरसिलेन/ ग्लास और पोलिमर इंसुलेटरों के आयात प्रवृत्तियों के संबंध में ब्यौरे और कारणात्मक संबंध के न होने की जांच की गई है और उसका विश्लेषण विस्तार से किया गया है और उसका उल्लेख उपर्युक्त संगत पैरा में किया गया है।

iv. मैसर्स सेडिवर इंसुलेटरों (शंघाई) कं. लिमि. द्वारा यह दावा किया गया है कि इसे एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में माना जाना चाहिए, मानने योग्य नहीं है क्योंकि मैसर्स सेडिवर ने न तो अपने आप को निर्धारित समय सीमा के भीतर एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में अपने आप को पंजीकृत किया है और न ही प्रश्नावली

का उत्तर प्रस्तुत किया है। प्राधिकारी ने प्रकटन विवरण के पैरा 5 (viii) और 19 (ii) में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया है कि इसे एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में नहीं माना जा रहा है और उसका कारण कारण क्या है यह भी नहीं बताया जा रहा है।

v. इस तर्क के संबंध में कि व्यापार सूचना प्रतिबंध लगाने के लिए इच्छुक नहीं है, कोई आधार नहीं है और इसमें कोई दम नहीं है। नियम 6 (4) और जांच आरंभन संबंधी अधिसूचना ने प्रश्नावली के उत्तर को प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा का स्पष्ट रूप से निर्धारण किया है और व्यापार सूचना में केवल उसे दोहराया है। उक्त व्यापार सूचना के पैरा 4 में दिये गये संदर्भ में प्राधिकारी की विवेकाधीन शक्तियों के बारे में प्राधिकारी ने जांच के व्यापक हित में मैसर्स सेडिवर द्वारा किये गये अनुरोधों की जांच की थी और जहां भी आवश्यक हुआ निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्धारित प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत न करने के बावजूद उपयुक्त रूप से उनका समाधान किया है।

vi. इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि मैसर्स सेडिवर ने तीन अवसरों अर्थात 18 अप्रैल, 22 अप्रैल और 3 मई, 2019 को सार्वजनिक फाइल का निरीक्षण किया है जिसमें उन्होंने अगोपनीय पाठ की जांच करने के अवसर का लाभ उठाया है और उसकी प्रति भी ली है। इस कारण से, उनके इन अनुरोधों की उन्हें जांच से संबंधित सूचना दिये जाने से इनकार किया गया था, सही नहीं है और आधारहीन है।

ट. निष्कर्ष

89. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिये गये तर्कों, उपलब्ध कराई गई सूचना और किये गये अनुरोधों के संबंध में तथा उपर्युक्त जांच परिणामों में प्राधिकारी के समक्ष यथा रिकार्ड किये गये उपलब्ध तथ्यों और उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर प्राधिकारी का यह निष्कर्ष है कि :

क. विचाराधीन उत्पाद का आयात संबद्ध देशों से पाटित कीमतों पर किया जाना जारी है;

ख. घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण लगातार क्षति हुई है;

ग. घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण लगातार क्षति हो रही है और यदि संबद्ध देशों के पाटनरोधी शुल्क समाप्त कर दिये जाते हैं तब इसके जारी रहने की संभावना है;

घ. यदि पाटनरोधी शुल्क को इस चरण में समाप्त होने दिया जाये तब रिकार्ड पर दी गई सूचना स्पष्ट रूप से पाटन और क्षति के जारी रहने की संभावना को दर्शाता है।

ठ. भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे

90. प्राधिकारी यह मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों को लगाये जाने से भारत में इस उत्पाद के कीमत के स्तरों पर प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पाटनरोधी उपायों को लगाये जाने से कम नहीं की जायेगी। इसके विपरीत पाटनरोधी उपायों को लगाने से पाटन प्रथाओं द्वारा प्राप्त अनुचित लाभों को दूर किया जा सकेगा, घरेलू उद्योग की गिरावट रोकी जायेगी और संबद्ध वस्तुओं के उपभोक्ताओं को अपेक्षाकृत अधिक विकल्प की उपलब्धता बनाये रखने में मदद मिलेगी। आमतौर पर पाटनरोधी शुल्कों का उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार प्रथाओं द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करना है जिससे कि भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति फिर से स्थापित हो सके जो देश के सामान्य हित में है। इस कारण से पाटनरोधी शुल्कों को लगाये जाने से उपभोक्ताओं को इस उत्पाद की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटनरोधी उपायों को जारी रखने से किसी भी रूप में संबद्ध देश से आयातों पर प्रतिबंध नहीं लगेगा और इस कारण से उपभोक्ताओं को इस उत्पाद की उपलब्धता पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। उपभोक्ता अब भी दो अथवा उससे अधिक आपूर्ति के स्रोतों को बनाये रख सकते हैं।

ड. सिफारिशें

91. यह निष्कर्ष निकालने के बाद कि यदि मौजूदा पाटनरोधी शुल्कों को समाप्त होने दिया जाये तब पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंधों, पाटन और क्षति की संभावना के पहलु के संबंध में सकारात्मक साक्ष्य है, प्राधिकारी का यह मत है कि शुल्क को जारी रखना सभी संबद्ध देशों के विरुद्ध अपेक्षित है।

92. प्राधिकारी द्वारा अपनाये गये कमतर शुल्क नियम के संबंध में, प्राधिकारी पाटन के मार्जिन और क्षति के मार्जिन में से कमतर के बराबर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क को लगाये जाने की सिफारिश करते हैं जिससे कि चीन जन. गण. के सहयोगी उत्पादको, निर्यातकों के मामले में घरेलू उद्योग को क्षति से बचाया जा सके और सभी अन्य उत्तर न देने वाले कंपनियों के मामले में पूर्व में लागू शुल्क का विस्तार किया जा सके। तदनुसार, सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तिथि से पांच वर्षों की अवधि के लिए नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में यथा दर्शाये गये चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये संबद्ध वस्तुओं के आयात पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की सिफारिश करते हैं।

शुल्क तालिका

क्र. सं.	प्रशुल्क मद*	वस्तुओं का विवरण**	उत्पत्ति और/ अथवा निर्यात का देश	उत्पादक	शुल्क राशि यू एस डॉलर	इकाई
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(7)**
1.	**854610** **854620**	इलेक्ट्रिकल इंसुलेटर्स	चीन जन. गण.	मैसर्स लिलिंग हॉक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं. लिमि.	**638**	मी. ट.
2.			चीन जन. गण.	अन्य कोई	**1,383**	मी. ट.

**सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और इस शुल्क का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के अनुसार किया जायेगा। ऊपर में उल्लेख किए गए विचाराधीन उत्पाद उपर्युक्त पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन तब भी होना चाहिए जब इसका आयात किसी अन्य एच एस कोड के अंतर्गत किया गया हो।*

** विचाराधीन उत्पाद ग्लास अथवा पोरसिलेन/ सेरेमिक का इलेक्ट्रिक इंसुलेटर है, चाहे इसे असेम्बल किया गया हो अथवा नहीं किया गया हो। हालांकि, वर्तमान जांच के कार्यक्षेत्र से निम्नलिखित को बाहर रखा गया है :

क. 1 के वी तक की रेटिंग से वोल्टेज का टेलीफोन अथवा टेलीग्राफ इंसुलेटर;

ख. 1 के वी तक की रेटिंग वाले वोल्टेज से उपस्करों/ उपकरण वाला इलेक्ट्रिकल अथवा इलेक्ट्रॉनिक इंसुलेटर;

ग. कम्पोजिट इंसुलेटर; और

घ. कंडेन्सर बशिंग और वाल्टेज ट्रांसफार्म

93. ऊपर में की गई सिफारिश के अनुसार शुल्क की दरें कॉलम (5) में उल्लिखित निर्धारित उत्पादक द्वारा निर्माण की गई संबद्ध वस्तुओं के निर्यात के लिए लागू है। सीमा शुल्क को संबद्ध वस्तुओं की निकासी देते समय उत्पादक के नाम का सत्यापन करना चाहिए।

94. आवेदक घरेलू उद्योग और उत्तर देने वाले उत्पादकों से यह अपेक्षित है कि वे संबद्ध वस्तुओं जिसके विरुद्ध पाटनरोधी उपायों की सिफारिश की जा रही है, के लिए उक्त परिवर्तन की पुष्टि करते हुए संबंधित दस्तावेजों के साथ निर्माण सुविधा का गठन/ स्वामित्व में किसी परिवर्तन के संबंध में प्राधिकारी को सूचित करे। यह सूचना प्राधिकारी को उक्त परिवर्तन, यदि कोई हो के 60 दिनों के भीतर मिल जानी चाहिए।

95. इस अंतिम जांच परिणाम के फलस्वरूप केंद्र सरकार के आदेश के विरुद्ध की जाने वाली अपील सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जायेगी।

सुनील कुमार, अपर सचिव एवं महानिदेशक

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF TRADE REMEDIES)

FINAL FINDING NOTIFICATION

New Delhi the 17th July, 2019

Subject: Final Finding in the Sunset Review Investigation Concerning Imports of "Electrical Insulators" originating in or exported from China PR

F. No.7/44/2018-DGTR:— Having regard to the Customs Tariff Act, 1975, as amended from time to time (hereinafter also referred to as the "Act") and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-Dumping Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules 1995, as amended from time to time (hereinafter also referred to as the "Rules") thereof;

A. BACKGROUND OF THE CASE:

1. Whereas, the original investigation concerning imports of the subject goods from the China PR was initiated by the Authority vide notification no. 14/11/2013 dated 5th September 2013 and thereafter preliminary finding notification was issued by the Authority vide Notification No. 14/11/2013-DGAD dated 1st July, 2014 recommending imposition of preliminary duty. The preliminary duties were imposed vide Customs Notification No. 40/2014 dated 16th September, 2014. Thereafter, the preliminary findings were confirmed and the Final Finding was issued vide Notification No 14/11/2013-DGAD dated 4th March, 2015. On the basis of recommendations made by the Authority in the Final Findings, definitive Anti-Dumping Duty (hereinafter also referred to as "ADD") was imposed w.e.f. 11th April, 2015 through Customs Notification No. 11/2015.
2. M/s. Aditya Birla Insulators (A unit of Grasim Industries Ltd.), M/s. Insulators and Electricals Company and M/s. Modern Insulators Ltd. filed an application seeking extension of ADD on imports of electrical insulators from China PR, in accordance with the Act and the Rules, alleging likelihood of continuation or recurrence of dumping and consequent injury to the domestic industry in case of cessation of existing ADD.
3. The Authority on the basis of prima facie evidence submitted by the applicants to justify initiation of Sunset Review (hereinafter also referred to as "SSR") investigation issued a public notice vide F. No. 7/44/2018-DGTR dated 10th January, 2019 to examine whether the expiry of the said duties on the import of the subject goods originating in or exported from China PR (hereinafter referred to as "subject country") are likely to lead to continuation or recurrence of dumping and injury to the domestic industry.
4. The scope of the present review covers all aspects of the original investigation concerning imports of the above goods, originating in or exported from the subject country.

B. PROCEDURE

5. The procedure described herein below has been followed with regard to this investigation, after issuance of the public notice notifying the initiation of the above investigation by the Authority:

   i. The Authority notified the Embassy of the subject country in India about the receipt of the Sunset Review application before proceeding to initiate the investigation in accordance with sub-rule (5) of Rule 5.

   ii. The Authority issued a public notice dated 10th January, 2019, published in the Gazette of India, extraordinary, initiating the subject Sunset Review investigation.

   iii. The Authority sent a copy of the initiation notification to the Embassy of the subject country in India, known producers/exporters from the subject country, known importers/users in India, other Indian producers and the domestic industry as per the addresses made available by the applicant and requested them to make their views known in writing within 40 days of the initiation notification.

